mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-28 अंक-343 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

रीवा

14 दिसंबर 2024 शनिवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



भारत के खिलाफ...
@ पेज 7

# दिन में जेल शाम तक बेल ! अल्लू अर्जुन को लेकर दिन भर चला ड्रामा



हैदराबाद (एजेंसी)। एक्टर अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी को लेकर आज दिनभर ड्रामा चला। दोपहर में जहां पुलिस ने एक्टर अल्लू अर्जुन को गिरफ्तार किया तो वहीं शाम तक उन्हें हाई कोर्ट ने बेल भी मिल गई।

**● बीआरएस नेता केटी रामाराव ने एक्टर अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी की निंदा की**

वहीं इस पूरी घटना को लेकर बीआरएस और बीजेपी के नेताओं ने सरकार की आलोचना की है। दरअसल, पिछले सप्ताह सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म पुष्पा-2 द रूल की स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़ मच गई थी, जिसमें एक महिला की मौत हो गई थी। इसी मामले में आज पुलिस ने एक्टर अल्लू अर्जून को गिरफ्तार किया था। हालांकि उन्हें अग्रिम जमानत पर छोड़ दिया गया है।



बीआरएस नेता केटी रामाराव ने एक्टर अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी की निंदा की। उन्होंने इसे शासकों की असुरक्षा का प्रतिबिंब बताया और तर्क दिया कि अभिनेता के साथ सामान्य अपराधी के जैसा व्यवहार करना अन्यायपूर्ण था। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में केटीआर ने पीड़ितों के प्रति अपनी सहानुभूति व्यक्त की, लेकिन इस घटना से निपटने के सरकार के तरीके पर उन्होंने सवाल उठाया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अभिनेता इस हादसे के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार नहीं थे। इसके साथ ही उन्होंने इस स्थिति से निपटने में सरकार के अभद्र व्यवहार की आलोचना की।

वहीं भाजपा सांसद बंदी संजय कुमार ने भी इस पूरी घटना की आलोचना की। उन्होंने एक्टर अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी को कुप्रबंधन और अनादर का एक घृणित कार्य बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता अल्लू अर्जुन को कपड़े बदलने का समय दिए बिना सीधे उनके बेडरूम से उठा लिया जाना, कुप्रबंधन और अनादर का एक घृणित कार्य है। उनके साथ बेहतर से पेश आना चाहिए था। संध्या थिएटर में भगदड़ में एक महिला की दुखद मौत अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन यह भारी भीड़ को प्रबंधित करने में कांग्रेस सरकार की विफलता को ही रेखांकित करती है। आइकन स्टार और उनके प्रशंसक अराजकता के नहीं, सम्मान के पात्र हैं।

बता दें कि फिल्म पुष्पा-2 की स्क्रीनिंग के लिए एक्टर अल्लू अर्जुन, संगीत निर्देशक देवी श्री प्रसाद के साथ फिल्म का प्रचार करने के लिए हैदराबाद के संध्या थिएटर गए थे। इस दौरान भीड़ ज्यादा होने और बाहर निकलने के लिए जगह कम होने की वजह से भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसका बच्चा घायल हो गया। मृतक के परिवार की शिकायत के आधार पर अभिनेता, उनकी सुरक्षा टीम और सिनेमाघर प्रबंधन के खिलाफ चिक्कड़पल्ली थाने में बीएनएस की अलग-अलग धाराओं में केस दर्ज किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### गाजा में फिर टूटा इजरायल का कहर, भीषण हवाई हमलों

**दीर अल-बलाह (एजेंसी)।** इजरायल गाजा में लगातार हमले कर रहा है और उसका कहना है सेना हमास के आतंकियो को निशाना बना रही है। एक बार फिर गाजा पट्टी पर इजरायल के भीषण हवाई हमले किए हैं। इन हमलों में कम से कम 25 फलस्तीनी मारे गए और कई घायल हुए



हैं। फलस्तीनी चिकित्सकों ने इस बारे में जानकारी दी है। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कुछ घंटे पहले ही गाजा में युद्ध समाप्त करने के लिए संघर्ष विराम समझौते की उम्मीद जताई थी। गाजा पट्टी के उत्तर में स्थित अल-अवदा अस्पताल और मध्य गाजा के अल-अक्सा अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को शहरी नुसेरात शरणार्थी शिविर में एक बहुमंजिला आवासीय इमारत पर इजरायल द्वारा किए गए हमले के बाद कुल 25 शव अस्पताल लाए गए। फलस्तीनी चिकित्सकों ने बताया कि हमले में घायल हुए 40 से अधिक लोगों का इन दोनों अस्पतालों में उपचार किया जा रहा है और इसमें अधिकतर बच्चे हैं। उन्होंने बताया कि इजरायल के हमले में नुसेरात में कई घर भी क्षतिग्रस्त हो गए है।

### बांग्लादेश के हालात पर राष्ट्रपति जो बाइडेन की है पैनी नजर


**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय एवं आधिकारिक आवास व्हाइट हाउस ने कहा है कि राष्ट्रपति जो बाइडेन बांग्लादेश की स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। अमेरिका बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को देश में धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार ठहराएगा। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने बृहस्पतिवार को पत्रकार वार्ता में कहा, ''पूर्व प्रधानमंत्री के पद से हटने के बाद बांग्लादेश में सुरक्षा हालात जटिल हैं। हम इस चुनौती से निपटने के लिए अंतरिम सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, ताकि उनकी कानून प्रवर्तन और



व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा, ''बांग्लादेश के सभी नेताओं के साथ हमारी बातचीत में जो बात बहुत स्पष्ट रही है वह है धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों की सुरक्षा, सभी बांग्लादेशियों की सुरक्षा चाहे वो किसी भी धर्म या जाति के हों। हम चाहते हैं कि वो इस पर कायम रहें।''

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के उत्पीड़न के विरोध में भारतीय अमेरिकियों ने पिछले कुछ हफ्तों में व्हाइट हाउस के सामने, शिकागो, न्यूयॉर्क, डेट्रायट, ह्यूस्टन और अटलांटा समेत कई शहरों में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया और मार्च निकाला। उन्होंने राष्ट्रपति बाइडेन से बांग्लादेश में हिंदुओं पर जारी अत्याचार को रोकने में मदद करने की अपील की है। इससे पहले, भारतीय-अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने सीनेट की विदेश संबंध समिति के सदस्यों से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, मुख्य रूप से हिंदुओं के खिलाफ हिंसा के मुद्दे पर ध्यान देने का आग्रह किया था।

## जूनियर द्रविड़ ने शानदार शतक ठोक मचाई सनसनी



**लंदन (एजेंसी)।** पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं। ये कहावत भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और कोच राहुल द्रविड़ के बेटे पर एकदम फिट बैठती है। राहुल द्रविड़ के छोटे बेटे अन्वय ने शानदार शतक ठोक सनसनी मचा दी है। कर्नाटक की ओर से खेलते हुए अन्वय द्रविड़ ने नाबाद शतक जड़ा। अन्वय का ये शतक मुलापाडु के डीवीआर ग्राउंड में झारखंड के खिलाफ खेले गए विजय मर्चेंट ट्रॉफी के मुकाबले में आया। जूनियर द्रविड़ के शतक की बदौलत कर्नाटक की टीम झारखंड अंडर-16 पर पहली पारी में बढ़त दिलाने और ड्रॉ हुए मुकाबले में तीन अंक हासिल करने में सफल रही। विकेटकीपर के रूप में खेलते हुए अन्वय चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए और 153 गेंदों पर 10 चौकों और दो छक्कों की मदद से 100 रन बनाकर नाबाद रहे। इस तरह कर्नाटक की टीम तीन दिवसीय मैच के अंतिम दिन 123.3 ओवर में चार विकेट पर 441 रन बनाने में सफल रही। अन्वय ने पहले श्यामंतक अनिरुद्ध (76 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 167 रन की साझेदारी की और फिर चौथे विकेट के लिए सुकुर्थ जे (33 रन) के साथ 43 रनों की पार्टनरशिप करते हुए टीम को 400 से ज्यादा के स्कोर पहुंचाया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी झारखंड की टीम 128.4 ओवर में 387 रन पर ऑलआउट हो गई। कर्नाटक ने पहली पारी में बढ़त की आधार पर तीन अंक हासिल किए जबकि झारखंड को एक अंक मिला। झारखंड के 387 रनों के जवाब में कर्नाटक को शानदार शुरुआत मिली, जिसमें सलामी बल्लेबाज आर्य गौड़ा और कप्तान ध्रुव कृष्णन ने 229 रनों की साझेदारी के दौरान शतक बनाए।

### संसद में राजनाथ बोले-

## नेहरू- इंदिरा ने संविधान बदला ताकि विरोधियों को चुप रख सकें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद के शीतकालीन सत्र के 14वें दिन शुक्रवार को संविधान के 75 साल पूरे होने पर लोकसभा में चर्चा हुई। शुरुआत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। 1 घंटे 10 मिनट की स्पीच में राजनाथ ने कांग्रेस पर संविधान बदलने, चुनी हुई सरकारों को गिराने, संविधान से ऊपर अपना स्वार्थ पूरा करने, इमरजेंसी के जरिए संविधान को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया।

राजनाथ के बाद विपक्ष की ओर से प्रियंका गांधी ने 31 मिनट में उनके हर एक बयान का जवाब दिया। प्रियंका ने कहा- रक्षा मंत्री संविधान निर्माताओं में नेहरू जी का नाम नहीं लेते। जहां जरूरत होती है, वहां जरूर लेते हैं। पहले क्या हुआ, उसे अब बताने का क्या मतलब है। अभी सरकार आपकी है, आपने क्या किया, जनता को ये बताइए।

प्रियंका ने कहा- प्रधानमंत्री संसद में संविधान की किताब को माथे से लगाते हैं। संभल, हाथरस, मणिपुर हिंसा पर

### प्रियंका ने कहा- नेहरू को छोड़िए, आपने क्या किया



जब न्याय की बात उठती है तो उनके माथे पर शिकन तक नहीं आता। राजा भेष बदलते हैं, लेकिन उनमें आलोचना सुनने की हिम्मत नहीं है। प्रियंका की यह लोकसभा में बतौर सांसद पहली स्पीच थी।

## रूस ने यूक्रेन पर कर दी क्रूज मिसाइलों की बरसात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रूस ने यूक्रेन पर भीषण हमले किए हैं। रूस ने इन हमलों में दर्जनों क्रूज मिसाइलों और ड्रोन्स का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया है। रूसी सेना ने यूक्रेन के ऊर्जा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री हर्मन हेलूशेंको ने फेसबुक पेज पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा,



÷दुश्मन का आतंक जारी है।÷ यूक्रेन की वायु सेना ने बताया कि बीती रात यूक्रेन पर कई ड्रोन हमले किए गए और उसके बाद देश के हवाई क्षेत्र में क्रूज मिसाइल भी दागी गई। वायुसेना ने कहा कि रूस ने यूक्रेन के पश्चिमी क्षेत्रों के खिलाफ 'किंजल' बैलिस्टिक मिसाइलों का भी इस्तेमाल किया। इन हमलों के बाद आशंका बढ़ गई है कि रूस का लक्ष्य सर्दी की शुरुआत में यूक्रेन की बिजली उत्पादन क्षमता को नष्ट करना है।

## 'महिलाओं और बच्चों को भी नहीं छोड़ रहे हैं जिहादी'

### बांग्लादेश पर CDPHR की खौफनाक रिपोर्ट





**कोलकाता (एजेंसी)।** बंग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा पर 'सेंटर फॉर डेमोक्रेसी, प्लूरलिज्म एंड ह्यूमन राइट्स' यानी कि CDPHR ने एक खौफनाक रिपोर्ट पेश की है। CDPHR की प्रेजिडेंट डॉक्टर प्रेरणा मल्होत्रा और प्रोफेसर कपिल कुमार ने Minorities Under Siege In Bangladesh नाम की इस रिपोर्ट को जनता के सामने पेश किया। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि बांग्लादेश में सरकार के संरक्षण में अल्पसंख्यक हिंदुओं के ऊपर जमकर अत्याचार हो रहा है। बांग्लादेश जो कुछ भी हिंदुओं के के साथ हो रहा है, उसका असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि दुनिया के बड़े मुल्कों की जिम्मेदारी बनती है कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के ऊपर दवाब बनाएं, जिससे हिंदुओं के ऊपर हो रहे अत्याचार बंद हो सके। रिपोर्ट से जुड़ी बातों पर बोलते हुए डॉक्टर प्रेरणा मल्होत्रा ने कहा, 'यह बांग्लादेश को लेकर हमारी तीसरी रिपोर्ट हैं। बांग्लादेश जल रहा हैं। हिंदुओं के साथ बहुत गलत हो रहा है। सबसे आश्चर्यजनक बात यह है कि इसको लेकर दुनिया शांत है। अल्पसंख्यकों को दबाया जा रहा हैं और उनके खिलाफ हिंसा हो रही है। हमारे डेटा के मुताबिक, शेख हसीना को हटाए जाने के 4 दिनों के भीतर तोड़फोड़ के 190 मामले दर्ज किए गए। इसके अलावा 16 मंदिरों को तहस नहस किया गया। 20 अगस्त तक 2 हजार से ज्यादा हिंदुओं पर हिंसा के मामले दर्ज किए गए जबकि 69 हिंदू मंदिरों को तोड़ा गया।

## महाकुंभ में इस बार होगा एकता का महायज्ञ

### प्रयागराज की धरती से बोले पीएम मोदी

**प्रयागराज (एजेंसी)।** 13 जनवरी 2025 से शुरू होने वाले महाकुंभ की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। आज पीएम मोदी भी प्रयागराज पहुंचे और वहां कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शुभारंभ किया। साथ ही प्रयागराज की धरती से पीएम मोदी ने देश की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि महाकुंभ हमारी आस्था, अध्यात्म और संस्कृति का दिव्य महोत्सव है। इसकी तैयारियों का जायजा और विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण के लिए प्रयागराज की पवित्र भूमि पर आकर सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूं।

पीएम मोदी ने महाकुंभ को सफल बनाने वाले लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा - प्रयागराज में संगम की इस पावन भूमि को मैं श्रद्धापूर्वक प्रणाम करता हूं। महाकुंभ में पधार रहे सभी साधु-संतों को भी नमन करता हूं। महाकुंभ को सफल बनाने के लिए दिनरात परिश्रम कर रहे कर्मचारियों का, श्रमिकों और सफाईकर्मियों का मैं विशेष रूप से अभिनंदन करता हूं। विश्व का इतना बड़ा आयोजन, हर रोज लाखों



श्रद्धालुओं के स्वागत और सेवा की तैयारी, लगातार 45 दिनों तक चलने वाला महायज्ञ, एक नया नगर बसाने के महा अभियान के माध्यम से प्रयागराज की इस धरती पर एक नया इतिहास रचा जा रहा है।

पीएम ने आगे कहा कि, ÷ये एकता का ऐसा महायज्ञ होगा, जिसकी चर्चा पूरी दुनिया में होगी। मैं इस आयोजन की भव्य और दिव्य सफलता की आप सभी को शुभकामनाएं देता हूं। हमारा भारत पवित्र स्थलों और तीर्थों का देश है। ये गंगा, यमुना, सरस्वती, कावेरी और नर्मदा जैसी अनगिनत पवित्र नदियों का देश है। इन नदियों के प्रवाह की जो पवित्रता है, इन अनेकानेक तीर्थों का जो महत्व है, जो महात्म्य है, उनका संगम, उनका समुच्चय, उनका योग, उनका संयोग, उनका प्रभाव, उनका प्रताप ये प्रयाग है। प्रयाग वो है, जहां पग-पग पर पवित्र स्थान हैं, जहां पग-पग पर पुण्य क्षेत्र हैं।÷

## लाल किले पर मलिकाना हक मांग रही थी मुगलों की वारिस

### दिल्ली हाई कोर्ट ने दे दिया बड़ा झटका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुगल सम्राट बहादुर शाह जफर-द्वितीय के परपोते की विधवा ने दिल्ली हाई कोर्ट में एक दायर दाखिल की है। उन्होंने वैध उत्तराधिकारी होने के नाते खुद को दिल्ली के लाल किले का स्वामित्व प्रदान करने का अनुरोध किया था। हालांकि दिल्ली होई कोर्ट ने उनकी इस याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया। बता दें कि कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विभु बाखरू और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने होई कोर्ट के एकल न्यायाधीश के दिसंबर 2021 के फैसले के खिलाफ सुल्ताना बेगम की अपील को खारिज कर दिया।

हाई कोर्ट की पीठ ने कहा कि यह अपील ढाई साल से अधिक की देरी के बाद दायर की गई है, जिसे माफ नहीं किया जा सकता। वहीं लाल किले पर दावा करने वाली बेगम ने कहा कि वह अपनी खराब स्वास्थ्य स्थिति और अपनी बेटी के निधन के कारण




अपील दायर नहीं कर सकीं। इस पर पीठ ने कहा, ''हम उक्त स्पष्टीकरण को अपर्याप्त पाते हैं, यह देखते हुए कि देरी ढाई साल से अधिक की है। याचिका को भी कई दशकों तक विलंबित रहने के कारण (एकल न्यायाधीश द्वारा) खारिज कर दिया गया था। देरी के लिए माफ करने के आवेदन को खारिज किया जाता है, अपील भी खारिज की जाती है।''

दरअसल, एकल न्यायाधीश ने ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा अवैध रूप से कब्जे में लिए गए लाल किले पर स्वामित्व की मांग करने वाली बेगम की याचिका को 20 दिसंबर, 2021 खारिज कर दिया था। पीठ ने कहा था कि 150 से अधिक वर्षों के बाद अदालत का दरवाजा खटखटाने में अत्यधिक देरी का कोई औचित्य नहीं है। अधिवक्ता विवेक मोरे के माध्यम से दायर याचिका में दावा किया गया है कि 1857 में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के बाद अंग्रेजों ने परिवार को उनकी संपत्ति से वंचित कर दिया था और सम्राट को देश से निर्वासित कर दिया गया था। इसके अलावा मुगलों से लाल किले का कब्जा जबरदस्ती छीन लिया गया था।

याचिका में दावा किया गया है कि बेगम लाल किले की मालकिन हैं, क्योंकि उन्हें यह विरासत उनके पूर्वज बहादुर शाह जफर-द्वितीय से मिली है। इसमें कहा गया है कि बहादुर शाह जफर-द्वितीय का 11 नवंबर 1862 को 82 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था और भारत सरकार का (उनकी) संपत्ति पर अवैध कब्जा है। याचिका में केंद्र सरकार को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वह लाल किले का कब्जा याचिकाकर्ता को सौंप दे या फिर पर्याप्त मुआवजा दे। इसमें वर्ष 1857 से लेकर अब तक लाल किले पर सरकार के कथित तौर पर अवैध कब्जे के लिए भी मुआवजे की मांग की गई थी।

## जेल में सजा काट रहे चार भारतीय-अमेरिकियों को मिली माफी



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चार भारतीय-अमेरिकियों सहित लगभग 1500 लोगों को क्षमादान दिया है। इन्हें 17 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा सुनाई गई है। क्षमादान पाने वाले ये चार भारतीय-अमेरिकी हैं- मीरा सचदेव, बाबूभाई पटेल, कृष्णा मोटे और विक्रम दत्ता। बाइडेन ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा, ''अमेरिका, संभावना और दूसरा मौका देने के वादे पर बना है। राष्ट्रपति के रूप में मुझे उन लोगों पर दया दिखाने का बड़ा सौभाग्य मिला है जिन्होंने पश्चाताप और पुनर्वास किया।

**माफ हुई 1,500 लोगों की सजा:** अमेरिका ने अहिंसक अपराधियों, विशेष रूप से मादक पदार्थों के अपराधों के दोषियों के लिए सजा में असमानताओं को दूर करने के लिए कदम उठाए हैं।'' उन्होंने कहा, ''इसलिए आज मैं उन 39 लोगों को क्षमा कर रहा हूं, जिन्होंने पुनर्वास किया और अपने समुदायों को मजबूत तथा सुरक्षित बनाने के लिए प्रतिबद्धता दिखाई है। मैं लगभग 1,500 लोगों की सजा माफ कर रहा हूं।'' एक दिन में इतनी बड़ी संख्या में क्षमादान देने की हाल के दिनों की यह इकलौती घटना है।

## शोमैन राजकपूर की शताब्दी जयंती पर रीवा से जुड़ी हैं यादें



### राजकपूर की फिल्मों में अक्सर होता था रीवा का जिक्र

हिंदी सिनेमा के शोमैन राज कपूर का रीवा शहर से खास लगाव रहा। रीवा राज कपूर की ससुराल रही है और यहां बारात लेकर वह पत्नी कृष्णा से शादी करने पहुंचे थे। रीवा के जिस बंगले में कृष्णा और राज कपूर की शादी हुई थी उसी स्थान पर उनकी याद में बेहद ही खूबसूरत ऑडिटोरियम का निर्माण कराया गया है जिसका नाम भी कृष्णा राज कपूर के नाम से रखा गया है। यह जगह आज रीवा के लोगों के लिए पसंदीदा जगह बन गई है।

दरअसल, राजकपूर के पिता पृथ्वीराज कपूर अपनी नाटक संस्था के साथ एक बार रीवा आए हुए थे। यहां उनकी देखरेख की पूरी जिम्मेदारी आईजी करतार नाथ मल्होत्रा को सौंपी गई थी। जिनके साथ धीरे-धीरे पृथ्वीराज कपूर की अच्छी मित्रता हो गई। पृथ्वीराज कपूर ने इस मित्रता को रिश्तेदारी में बदलने की ठान ली और उन्होंने अपने 22 वर्षीय बेटे राजकपूर का विवाह करतार नाथ मल्होत्रा की बेटी कृष्णा मल्होत्रा से फिक्स कर दी। जब राजकपूर अपने दोस्त प्रेमनाथ के साथ घूमने के लिए रीवा आए तो वह पहली मुलाकात में कृष्णा को दिल दे बैठे। यही वजह थी कि वह तुरंत विवाह के लिए तैयार हो गए।

वरिष्ठ पत्रकार जयराम शुक्ला बताते हैं कि उन दिनों राज कपूर की बारात मुंबई से ट्रेन से चलकर सतना आई थी। और फिर सतना से रीवा बारात को लाने के लिए, लॉरी, तांगा बैलगाड़ी, कार का इंतजाम किया गया था। बारात रीवा के रॉयल मेनशन होटल, व्यंकट भवन और बैजू धर्मशाला में रुकी थी। वहीं पर बारात को रुकने के लिए जनमास था। खास लोगों के लिए व्यंकट भवन में रुकने का इंतजाम था। तो वही सामान्य लोगों के लिए रॉयल मेनशन होटल। और जो कपूर खानदान के नौकर चाकर लोग आए थे उनके लिए बैजू धर्मशाला में ठहरने की उत्तम व्यवस्था की गई थी।

बताया जा रहा है कि राज कपूर का विवाह 12 मई 1946 को रीवा में हुआ था। कृष्णा कपूर के साथ राज कूपर का विवाह पूरी शान-शौकत के साथ हुआ था। शादी के वक्त कृष्णा की उम्र 16 वर्ष की थी और राज कपूर की 22 वर्ष के। कृष्णा के पिता करतार नाथ मल्होत्रा आईजी थे और उनकी पूरी फैमिली रीवा में रहती थी। जिसमें उनके भाई राजेंद्र नाथ, नरेंद्र नाथ और प्रेम नाथ है।

बताते हैं कि विवाह के बाद राज कपूर ने जो सफलता पाई वह आसान नहीं थी। उनका करियर बुलंदियों पर पहुंचा। विवाह के बाद ही राज कपूर की फिल्में सुपरहिट हुई थीं। तथा राजकपूर का विवाह रीवा के जिस स्थान पर संपन्न हुआ था ठीक उसी जगह पर कृष्णा-राजकपूर की याद में ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य कराया गया है। इस ऑडिटोरियम का भूमिपूजन बेटे रणधीर कपूर ने किया था और लोकार्पण में भी रणधीर के साथ प्रेम चोपड़ा और प्रेमनाथ के बेटे प्रेम किशन उपस्थित होकर साक्षी बने थे।


रीवा से राज कपूर का कितना लगाव रहा है इसकी झलक उनकी फिल्मों में भी देखी जा सकती है। उन्होंने कई फिल्मों में रीवा का जिक्र किया है। दिलचस्प बात यह है कि उनकी फोर व्हीलर का नम्बर भी रीवा का था।



# धान खरीदी में धांधली, किसानों से खरीदी के बाद केंद्र में रखी धान की हो रही चोरी

### धान खरीदी केंद्रों में किसान से ली जा रही 41 किलो धान, अधिक मात्रा की धान का अलग से करते हैं विक्रय

बोरी से चोरी का वीडियो वायरल



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सहकारी समितियों में इन दिनों धान की खरीदी का काम जोरों पर है ऐसे में खरीदी केंद्रों में भारी मात्रा में धान की खेप रखी गई है जिससे किसानों को उनकी धान का सही भुगतान शासन स्तर पर किया जा सके परंतु रीवा के बदवार खरीदी केंद्र में रखी हुई किसानों की धान से प्रशासन को कोई मोह नहीं रह गया है जिसके चलते खरीदी केंद्र के भीतर से ही किसानों के धान को चुराने का काम किया जा रहा है जिसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है।

दरअसल बदवार खरीदी केंद्र का जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है उसमें देखा जा सकता है कि किस प्रकार से किसानों से खरीदी की गई धान को समिति के कर्मचारियों के द्वारा ही चोरी किया जा रहा है। जिसके बाद किसानों की धान से समिति प्रबंधक द्वारा अन्यत्र राशि कमाई जा रही है।

बताया जा रहा है कि समिति में किसानों से 41 किलो धान एक बोरी में ली जाती है जबकि नियम के तहत महज 40 किलो 600 ग्राम धान ही एक बोरी में ली जा सकती है जिसके बाद अधिक मात्रा में की गई धान को बोरी से चुराकर समिति के कर्मचारियों द्वारा अपनी कमाई में मुनाफा बढ़ाया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री आज आएंगे मऊगंज

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एक दिवसीय प्रवास पर 14 दिसम्बर को मऊगंज आएंगे। मुख्यमंत्री भोपाल से प्रातः 9.15 बजे वायुयान से प्रस्थान कर 10.15 बजे रीवा पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री रीवा से हेलीकाप्टर से प्रातः 10.10 बजे प्रस्थान करके सरसी टापू पहुंचकर पर्यटन विभाग द्वारा बनाए गए रिसॉर्ट का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री प्रातः 11.30 बजे व्यौहारी पहुंचकर विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे तथा विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 12.45 बजे व्यौहारी से हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर दोपहर 1.10 बजे मऊगंज पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री मऊगंज में कलेक्ट्रेट के समीप विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री समारोह में बच्चों को पोषण किट और छात्रवृत्ति का वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री समारोह स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा विकास योजनाओं की प्रदर्शनी तथा जनसंपर्क संचालनालय द्वारा एक वर्ष की उपलब्धियों का अवलोकन करेंगे। समारोह में मुख्यमंत्री मऊगंज जिले को 5175 करोड़ 39 लाख रुपए के कुल 57 निर्माण कार्यों की सौगात देंगे। इस संबंध में कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्यमंत्री जी 54 निर्माण कार्यों का शिलान्यास करेंगे। इसमें सीतापुर-हनुमना सूक्ष्म दबाव सिंचाई योजना लागत 5065 करोड़ रुपए शामिल है। इस परियोजना से पाँच साल में पूरे हनुमना क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। इसका मुख्य बाँध सीधी जिले में सोन नदी पर बनाया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का किया शुभारंभ

# मदर चाइल्ड अस्पताल, एमरजेंसी मेडिसिन ओपीडी का होगा निर्माण





**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि पीड़ित मानवता की सेवा के लिये सिर में ठंडक, पैर में चक्कर, सीने में आग तथा मुंह में मिठास का मंत्र लेकर कार्तव्यनिष्ठा से कार्य किया जाना चाहिए। शुक्ल ने रीवा के जीएमएच परिसर में ओपीडी में प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ किया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शांतभाव से सेवा के लिये सीने में जजवा लेकर मृदुल व्यवहार से मरीजों की सेवा के भाव होने चाहिए। हमें ऐसा रीवा बनना है जहाँ स्वास्थ्य के क्षेत्र में सभी सुविधाएँ हो तथा यहाँ के और आसपास के लोगों को इलाज के लिये बाहर न जाना पड़े बल्कि बाहर के लोग बेहतर इलाज के लिये रीवा आयें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी की मंशा के अनुरूप सस्ती दवाई व स्वास्थ्य सुविधाएँ देने का संकल्प पूरा किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्रों में सस्ती व अच्छी गुणवत्ता की दवाइयाँ उपलब्ध हैं साथ ही आयुष्मान योजना के तहत लोगों का निःशुल्क इलाज व जांच भी की जा रही है। शुक्ल ने बताया कि रीवा के जीएमएच परिसर में 321 करोड़ रूपये से मदर चाइल्ड अस्पताल तथा मेडिकल एमरजेंसी ओपीडी का निर्माण कराया जायेगा। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के लिये 10 करोड़ रूपये से एंजियोप्लास्टी की दूसरी मशीन उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएँ व हमारे सेवाभाव के संस्कार देश को बदलने का कार्य कर रहे हैं। शुक्ल ने कहा कि संजय गांधी अस्पताल परिसर में दो तथा जिला अस्पताल में स्थापित एक प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र मरीजों को सस्ती व गुणवत्तापूर्ण दवाई उपलब्ध कराने में मददगार होंगे। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, डीन मेडिकल कालेज डॉ. सुनील अग्रवाल, अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा, डॉ. अक्षय वास्तव, पार्षद पूजा सिंह, राजगोपाल मिश्र चारी, प्रवीण अग्रवाल सहित चिकित्सक व स्थानीय जन उपस्थित रहे।

संभागीय समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा

# समन्वय से विकास योजनाओं की दूर करें बाधाएं, तभी विन्ध्य क्षेत्र का संभव होगा चहुंमुखी विकास




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि पूरे विन्ध्य क्षेत्र में विकास के सभी संसाधन और अपार संभावनाएं हैं। क्षेत्र के विकास के लिए स्वीकृत योजनाओं की सभी बाधाएं अधिकारी समन्वय बनाकर दूर करें। जनप्रतिनिधि और अधिकारी दोनों ही आमजनता के कल्याण के लिए ही कार्य कर रहे हैं। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के समन्वित प्रयासों से ही विन्ध्य क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा। जिस तरह रीवा में बाणसागर बांध की नहरों से आर्थिक विकास और समृद्धि का प्रकाश फैला है उसी तरह सतना में बरगी बांध की नहर का पानी पहुंचने और सिंगरौली और सीधी में गोड़ सागर परियोजना के पूरा होने से समृद्धि आएगी। इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए सभी बाधाओं को दूर कराएं।

बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गोविंदगढ़ से सिंगरौली तक रेलवे लाइन निर्माण के लिए भू अर्जन की प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई है। इससे रेल परियोजना के कार्य में तेजी आएगी। मुख्यमंत्री जी मऊगंज में सीतापुर-हनुमना सूक्ष्म दाब सिंचाई परियोजना का शिलान्यास कर रहे हैं। इस 5041 करोड़ की परियोजना से मऊगंज जिले के अधिकांश क्षेत्र, सीधी, सिंगरौली एवं रीवा जिले के गांवों में सिंचाई की सुविधा मिलेगी। इसका मुख्य बांध सोन घड़ियाल अभ्यारण्य में प्रस्तावित है। वन विभाग और जल संसाधन विभाग मिलकर परियोजना के संबंध में समस्त स्वीकृतियाँ जारी कराएं जिससे कार्य शुरू हो सके। विधायक निधि से स्वीकृत 15 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों की राशि लोक निर्माण विभाग तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को जारी करने के लिए वरिष्ठ कार्यालयों का ध्यान आकृष्ट किया जाएगा। बैठक में विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार ने बरगी नहर से पर्याप्त मात्रा में पानी चित्रकूट क्षेत्र में उपलब्ध कराने तथा बकिया बांध के डेड स्टोरेज का पानी सिंचाई के लिए उपलब्ध कराने का सुझाव दिया। विधायक मैहर कांत चतुर्वेदी ने छोटी महानदी के बरही मार्ग के क्षतिग्रस्त पुल का टेण्डर मंजूर करने, विधायक सीधी रीती पाठक ने जनमन योजना के वन भूमि में स्वीकृत निर्माण कार्यों की वन विभाग से एनओसी जारी करने एवं सीधी जिले में अधिकारियों के रिक्त पदों की पूर्ति की बात कही। विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति ने लालगांव में थाना खोलने एवं मलकपुर तालाब के सुधार की योजना को मंजूरी देने तथा विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह ने त्योंथर फ्लो नहर की गुणवत्ता की जाँच एवं टूटी नहर सुधारकर अंतिम छोर तक पानी की आपूर्ति का सुझाव दिया। बैठक में ग्रामीण विकास एवं आवास राज्यमंत्री राधा सिंह ने सीधी से सिंगरौली फोरलेन सड़क निर्माण का कार्य तेजी से पूरा कराने एवं सिंगरौली जिले में पुलिस बल में वृद्धि तथा पड़री बांध की नहरों को पक्का करने की बात रखी।

बैठक में विधायक देवसर राजेन्द्र मेश्राम ने गोड़ परियोजना का निर्माण कार्य शुरू कराने, विधायक निधि से स्वीकृत 15 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों की राशि विभागों को उपलब्ध कराने तथा बरगवां से परसोना मार्ग के टोल बैरियर को बंद कराने की मांग रखी। विधायक सिंगरौली रामनिवास रावत ने स्टेडियम निर्माण, जिला न्यायालय भवन का अधूरा निर्माण कार्य पूरा कराने, बिजुल नदी में पुल निर्माण तथा कचनी डैम से सिंचाई के लिए तत्काल पानी छोड़ने की मांग की। विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक ने गुलाब सागर बांध के फेज-1 की नहरों में सुधार तथा फेज-2 की नहरों का निर्माण पूरा कराकर सिहावल क्षेत्र में किसानों को पानी देने की मांग रखी। जिला पंचायत अध्यक्ष रीवा नीता कोल ने गौशालाओं में व्यवस्थाओं के लिए मनरेगा से मजदूरी की तैनाती, त्योंथर सिंचाई परियोजना की नहरों में सुधार का सुझाव दिया।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव तथा महानिदेशक प्रशासन अकादमी जेएन कंसोटिया ने कहा कि संभागीय बैठक में दिए गए सभी सुझावों और मांगों पर संबंधित विभाग तत्परता से कार्यवाही करें। विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी तरह की देरी न करें। बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने गत संभागीय बैठक के पालन प्रतिवेदन की जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में नगरीय विकास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, जिला पंचायत अध्यक्ष सतना रामखेलावन कोल, आईजी एमएस सिकरवार, डीआईजी एसपी पाण्डेय, संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# संभागायुक्त ने देर रात रैन बसेरा का किया निरीक्षण



### निराश्रितों को रजाई, कंबल, अलाव सहित मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद देर रात्रि स्वयं सड़कों पर निकलकर गरीब और निराश्रित व्यक्तियों को ठंड से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कमिश्नर ने देर रात रीवा नगर निगम क्षेत्र के रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया, उन्होंने रैन बसेरों में ठहरने वालों को रजाई, कंबल, अलाव और अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने शहर के अस्पताल चौक, साईं बाबा मंदिर, कोठी कंपाउंड शिव मंदिर, पुराना बस स्टैण्ड तथा नए बस स्टैण्ड का का निरीक्षण किया। उन्होंने इन स्थानों पर अलाव की व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम तथा सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि ठंड से प्रभावित गरीब और बेसहारा लोगों के लिए रैन बसेरों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन तथा अन्य आश्रय स्थलों सभी सुविधाएं उपलब्ध रहें। सामाजिक संगठनों को इस प्रयास में जोड़ा जाए ताकि मदद व्यापक और प्रभावी हो सके। निरीक्षण के दौरान नगर निगम कमिश्नर डॉ. सौरभ सोनवड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम क्षेत्र के सभी प्रमुख स्थानों में जरूरतमंदों के लिए अलाव, गर्म कपड़े सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं।

## एसएएफ चौराहे पर देर रात दुर्घटनाग्रस्त हुईं दो करें, सुबह मिली पुलिस को सूचना



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शहर के एस ए एफ चौराहे पर शुक्रवार की सुबह लोगों ने [16] दो दुर्घटनाग्रस्त कार को देखकर इसकी सूचना पुलिस को दी। हालांकि कार कैसे दुर्घटना ग्रस्त हुई है इनमें कौन सवार था अब तक इसका पता नहीं चल पाया है। यहां तक कि घायलों का भी पता नहीं चला है। एक कार , डिवाइडर से टकराई हुई थी, जबकि दूसरी कार बीच सड़क पर खड़ी थी। दोनों ही कार दुर्घटनाग्रस्त थी, जिसे देख कर ऐसा लगता है कि किसी अज्ञात वाहन ने दोनों कारों को टक्कर मार दी है। हालांकि पुलिस ने शुरुआती जांच में पाया है कि रात करीब 1 बजे कार में सवार लोगों द्वारा कार काफी तेज़ गति से चलाई जा रही थी जिसके चलते दोनों कार दुर्घटना ग्रस्त हुई है। कार में दर्ज नंबर के आधार पर पुलिस कार मालिक का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## एक तेज़ वाहन शख्स को कुचलते हुए घर में घुसा, एक की मौत, महिला घायल



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा शहर में बीती रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। हादसा उस वक्त हुआ जब एक तेज़ रफ्तार पिकअप वाहन पैदल जा रहे शख्स को कुचलते हुए सड़क किनारे घर में जा घुसा। हादसे में पैदल जा रहे शख्स की जहां मौत हो गई तो वहीं महिला को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसा सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित करहिया-ढेकहा मार्ग में हुआ। मृतक की पहचान स्थानीय सुरेंद्र पांडे के रूप में की गई है, जो घर में चल रहे हवन और पूजा पाठ की सामग्री लेने के लिए बाहर निकला था। वहीं घर के भीतर मौजूद कुसुम प्रजापति नामक महिला घायल हुई है। पुलिस द्वारा पिकअप वाहन को ज़ब्त कर लिया गया है और अब आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## स्टाफ नर्स की संदिग्ध मौत पर परिजनों ने किया जमकर हंगामा



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई स्टाफ नर्स की मौत के मामले में शुक्रवार को परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों ने हत्या का संदेह ज़ाहिर करते हुए एक लड़की से विवाद और उसके द्वारा धमकी दिए जाने की बात कही। वहीं शहर के निजी विंध्या अस्पताल प्रबंधन पर भी मामले को दबाने का आरोप लगाया गया है। परिजनों का कहना है कि नर्स की मौत के बाद उसके नाक की कील और मोबाइल गायब है। साथ ही लड़की जो कपड़े घर से पहनकर निकले थी वह उसके बैग में फटे हुए हालत में मिले हैं। फिलहाल परिजन इस पूरे मामले की जांच करा कर कारवाई की मांग कर रहे हैं।

## गोड़हर मोड़ स्थित 25 साल पुराने अतिक्रमण को निगम ने ढहाया




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा शहर में अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम की कार्रवाई लगातार जारी है। [19] शहर के गोड़हर मोड़ स्थित 25 साल पुराने अतिक्रमण को ढहा दिया है। बुलडोज़र की मदद से अतिक्रमण कर बनाए गए कच्चे मकानों को गिरा दिया गया। इस दौरानस्थानीय लोगों ने विरोध भी किया। दरअसल ये कार्रवाई निगम आयुक्त के निर्देश पर गोड़हर मोड़ के समीप की गई। जहां सड़क के किनारे शासकीय भूमि पर कच्चे मकान बनाकर लोगों ने अतिक्रमण कर रखा था। बताया गया कि अतिक्रमण के चलते आवागमन बाधित होने के साथ ही असामाजिक तत्वों का भी जमावड़ा लगता था। जिसकी शिकायत मिलने पर ये कार्रवाई की गई।

## राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।**मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आशीर्वाद भिलाला के नेतृत्व में 14 दिसम्बर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय के साथ-साथ तहसील न्यायालय सिरमौर, त्योंथर, मऊगंज, हनुमना एवं मनगवां में भी किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आम जनता से अपील की है कि राष्ट्रीय लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह समझौते के माध्यम से करायें। राष्ट्रीय लोक अदालत में सम्पत्तिकर, जलकर एवं विद्युत संबंधी प्रकरणों में शासन की गाईडलाईन के अनुसार अधिभार में छूट प्रदान की गयी है। जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी समझौते के तहत प्रकरण निराकरण हेतु जिला एवं तहसील न्यायालयों में कुल 50 खंडपीठों का गठन किया गया है। जिसमें से 29 खंडपीठ जिला न्यायालय रीवा एवं शेष 21 खंडपीठे तहसील न्यायालय हेतु गठित की गयी है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में जूलकर एवं बैंक संबंधी प्रकरण में रखे जायेगें।

# बम्हनी, बंजारी एवं बरहाई में लोककल्याण अभियान अंतर्गत शिविर का हुआ आयोजन

## योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित नहीं रहे : विधायक

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत विधायक रीती पाठक के मुख्य आतिथ्य में जनपद पंचायत सीधी के ग्राम पंचायत बम्हनी में शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक द्वारा अरविंद किराना स्टोर से हाई स्कूल बम्हनी तक नाली निर्माण स्वीकृति राशि 04.93 लाख, चंद्रिका पहाड़ के नीचे बम्हनी हस्तिनापुर मार्ग में पुलिया निर्माण (विधायक निधि) स्वीकृत राशि रूपए 03 लाख एवं दामोदर यादव के घर से बम्हनी हस्तिनापुर पहुंच मार्ग तक पीसीसी सड़क निर्माण राशि 04 लाख का भूमि पूजन किया गया। साथ ही हितग्राहियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितलाभ का वितरण किया गया।





विधायक पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को समय सीमा में दिलाना है, कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। विधायक ने मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के उद्देश्य , सम्मिलित 45 जनकल्याणकारी योजनाओं एवं प्रदाय की जाने वाली 63 सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि यह अभियान यह प्रयास है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सहजता से शासन की योजना का लाभ पहुंचे। योजनाओं को लेकर किसी भी प्रकार का भटकाव नहीं हो। हम हितग्राही की आवाज बने और पहल कर उन्हें योजना का लाभ दें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों को पूरी संवेदना के साथ अभियान का क्रियान्वयन करने के लिए कहा है।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत बंजारी एवं बरहाई शिविर आयोजित किए गए। आज के शिविर में ग्राम पंचायत बम्हनी में पंचायत ग्रामीण विकास विभाग 34, राजस्व विभाग 62, खाद्य विभाग 9, महिला बाल विकास विभाग 35, बिजली विभाग 2, पशु पालन विभाग 9 आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम पंचायत बंजारी में पंचायत ग्रामीण विकास विभाग 22, विद्युत विभाग 7, राजस्व विभाग 11, पी एच ई 6, ग्राम पंचायत बरहाई में राजस्व विभाग 23,पी एच ई 4, महिला बाल विकास विभाग 47, पंचायत ग्रामीण विकास विभाग 18, खाद्य विभाग 3, विद्युत विभाग 2, वन विभाग 1, शिक्षा विभाग 1, पशु पालन विभाग 5, स्वास्थ्य विभाग 1 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। विधायक ने प्रत्येक आवेदन को पोर्टल में दर्ज करने तथा समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

कार्यक्रम में सरपंच बम्हनी आकृति तिवारी, सरपंच बंजारी विक्रम सिंह, सरपंच बरहाई, तहसीलदार जाह्नवी शुक्ला, जनपद सीईओ सीधी अशोक तिवारी, नायब तहसीलदार निवेदिता त्रिपाठी, प्रमोद द्विवेदी, अमन पाठक, पुष्पराज सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी- कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित हुए।

## मकान मालिक ने किरायेदार को लोहे की रॉड से पीटा

### सिर और हाथ में आई गंभीर चोट, घर में पत्नी से विवाद करने पर किया हमला



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर में शुक्रवार रात एक किरायेदार के साथ मकान मालिक ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। किरायेदार को सिर व हाथ में गंभीर चोट आई है। वहीं, उसकी पत्नी ने डायल हंड्रेड को फोन किया, इसके बाद घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार, सुदामा चिममी पिता बाबूलाल नामदेव 35 निवासी जिला पन्ना ग्राम बडोर का रहने वाला है। वह पांच साल से छतरपुर में किराये के मकान में रहकर होटल में खाना बनाने का काम करता है। सुदामा ने 2 महीने पहले छत्रसाल नगर में राजेश पंडित का मकान किराये से लिया था। पत्नी राधा नामदेव और 5 साल की बच्ची के साथ रहता है। सुदामा गुरुवार-शुक्रवार की 2 बजे काम करने के बाद घर पहुंचा और पत्नी राधा से विवाद करने लगा। तब मकान मालिक राजेश पंडित नाराज हो गया और उसने गाली-गलौज करते हुए सुदामा के साथ लोहे की रॉड से मारपीट कर दी। सुदामा के सिर और हाथ चोट लगी है।

घटना के बाद उसकी पत्नी राधा ने हंड्रेड डायल को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और सुदामा को जिला अस्पताल में भर्ती किया। वहीं, सिविल लाइन थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सुदामा ने बताया कि रात में खाना खाकर मैं घर पहुंचा था मेन गेट खोलने के लिए पत्नी को आवाज़ लगाई नाराज मकान मालिक ने बेवजह लोहे की रॉड से मारपीट की है। राधा ने बताया कि हमारे पति सुदामा रात में शराब पीकर मेरे साथ विवाद कर रहे थे, तभी मकान मालिक ने उनके साथ लोहे की रोड से मारपीट कर दी।

# विधायक ने किया विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ

## जनकल्याण पर्व में चित्र प्रदर्शनी में दिखाई जा रही सरकार की उपलब्धियों की झलक

### विकास योजनाओं की एक वर्ष की उपलब्धियाँ दिखा रही प्रदर्शनी

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व मनाया जा रहा है। इसके तहत जिला मुख्यालय और विकासखण्डों में चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदेश सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। विधायक रीती पाठक तथा कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा मानस भवन सीधी में विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया।



इस अवसर पर विधायक पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन सरकार द्वारा सभी वर्गों के हितार्थ जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का संचालन किया जा रहा है जिसके माध्यम से घर-घर सर्वे कर छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। इसके साथ ही अधोसंरचना के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों से प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। विधायक ने कहा कि यह प्रदर्शनी विगत एक वर्ष में प्रदेश की उन्नति और प्रदेशवासियों की खुशहाली के लिए किए गए प्रयासों को दर्शाती है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि प्रदर्शनी का अवलोकन करें। शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक बनें तथा योजनाओं का लाभ लेकर प्रदेश के विकास में सहभागी बने।

जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित इस प्रदर्शनी में आकर्षक चित्रों के माध्यम से सशक्त बन रही मध्यप्रदेश की नारी, लोक निर्माण से लोक कल्याण, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक अभ्युदय, आधुनिक चिकित्सा सेवाओं की गारंटी को प्रदर्शित किया गया है। चित्र प्रदर्शनी में नए स्टार्टअप, जनजातीय विकास से जुड़ी योजनाओं, स्वरोजगार के अवसरों, पुलिस कर्मियों के कल्याण की योजनाओं, गौ संवर्धन तथा गौ संरक्षण के कार्यों एवं प्रदेश में लगातार बढ़ रहे औद्योगिक निवेश को प्रदर्शित किया गया है। चित्र प्रदर्शनी में सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक उन्नति, साइबर तहसील से किसानों को हो रहे लाभ, लाड़ली बहना योजना, बेहतर सुशासन के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों, किसानों तथा मजदूरों के कल्याण के प्रयासों, युवाओं को नए अवसर सहित शासन की सभी प्रमुख विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों को प्रदर्शित किया गया है।

सहायक संचालक जनसंपर्क विभाग मुकेश मिश्रा ने बताया कि यह प्रदर्शनी मानस भवन में 13 दिसम्बर से 15 दिसंबर 2024 तक लगी रहेगी। जिलेवासी सुबह 11 से सायं 6 बजे तक प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकते हैं।

इस अवसर पर तहसीलदार जान्हवी शुक्ला, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोक तिवारी, नायब तहसीलदार तीरथ अक्षरिया, डीपीएम आजीविका मिशन पुष्पेंद्र सिंह, विश्वबंधुधर द्विवेदी, प्रमोद द्विवेदी, पुष्पराज सिंह , रोहित मिश्रा सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## फीता काटकर विधायक अंदर पहुंचे तो उखड़ा था प्लास्टर

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम 6 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से बनने वाले अनुसूचित जनजाति एवं कन्या छात्रावास बरका का लोकार्पण करने पहुंचे। उन्होंने बाकायदा पूजा-पाठ के बाद फीता काटा और अंदर पहुंचे तो जगह-जगह दीवारों का प्लास्टर उखड़ा हुआ था। दीवारों में क्रैक थे। इस पर विधायक भड़क गए। उन्होंने कहा कि जब तक बिल्डिंग का काम गुणवत्ता वाला नहीं होगा। इसका हैंडओवर नहीं लिया जाए।

**मामला गुरुवार शाम का है:** उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को भी फटकार लगाई। देवसर विधायक राजेंद्र मिश्रा का कहना है कि भवन की स्थिति देखकर लग रहा है कि काम गुणवत्ता वाला नहीं किया गया है। ठेकेदार ने लापरवाही की है। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों और अधिकारियों ने भी बिलकुल ध्यान नहीं दिया। जब तक मैं खुद कम से संतुष्ट नहीं हो जाऊं, तब तक इसका हैंडओवर नहीं लिया जाए।

## हॉस्टल में घुसे नकाबपोश, छात्र को पीटा

### शिकायत के बाद कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** शहडोल जिला मुख्यालय से लगे आवासीय विद्यालय ज्ञानोदय विचारपुर में छठी में पढ़ने वाले एक छात्र के साथ मारपीट का मामला सामने आया है।

शुक्रवार शाम छात्र अपने पिता और अन्य परिजनों के साथ कलेक्टर डॉक्टर केदार सिंह के पास शिकायत करने पहुंचा। कलेक्टर ने तत्काल आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त (एसी) आनंद राय सिन्हा को तलब किया। एसी ने मामले में जांच के आदेश दिए हैं।

**लॉकर की चाबी छीनकर ले गए:** छात्र आशीष अहिरवार ने बताया कि वह जिले के गोहपारू जनपद पंचायत अंतर्गत रामपुर ग्राम पंचायत का रहने वाला है। यहां आवासीय विद्यालय ज्ञानोदय विचारपुर में रहकर पढ़ाई करता है। 9 दिसंबर की देर रात अचानक हॉस्टल के कमरे में मुंह पर कपड़ा बांधे कुछ लोग घुस आए। उन्होंने मारपीट करते हुए लॉकर की चाबी छीनी और भाग गए।

**अगले दिन परिजनों को दी सूचना:** घटना से डरे सहमे छात्र ने किसी तरह रात गुजारी और अपने घर चला गया। वहां उसने परिजनों को घटना बताई। इसके बाद परिजन छात्र को लेकर शहडोल मुख्यालय पहुंचे। यहां कलेक्टर के नाम शिकायत की।

**हॉस्टल में मौजूद थे 5 अन्य छात्र:** जिस समय घटना हुई, उस समय हॉस्टल के कमरे में छात्र के साथ अन्य 5 छात्र भी थे। मामले में आदिवासी विकास विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर आनंद राय सिन्हा ने छात्र और उसके परिजनों से बात की। घटना की जानकारी लेने के बाद उन्होंने हॉस्टल अधीक्षक से बात की। इसके बाद प्रिंसिपल को मामले में जांच के आदेश दिए।

## ढखरा, सोनौरी, मटियारी सहित अन्य खरीदी केंद्र में अव्यवस्था के बीच खरीदी

# वारदाना से लेके तौलाई तक का खेल जिम्मेदार मौन

**मीडिया ऑडीटर, त्योंथर निप्र।** रीवा जिले भर में इन दिनों धान की खरीदी चल रही है किसान स्लॉट बुक कर धान बेचने के लिए केंद्रों में पहुंच रहे तो कुछ बिना स्लॉट बुक किए ही समिति प्रबंधक से सेटिंग कर पहुंच रहे हैं लेकिन कई केंद्र ऐसे हैं जहां पर सिर्फ कागजों पर अन्नदाताओं की व्यवस्था है और एसडीएम ,तहसीलदार फूड इंस्पेक्टर समेत पूरा प्रशासनिक अमला बारात में आशीर्वाद देने की तरह फोटो ग्राफी तक ही सीमित है जबकि त्यौंथर तहसील इलाके के ढखरा सोनौरी मटियारी सहित तमाम खरीदी केंद्रों में खुलेआम किसानों से लूट मची है वारदाना से लेके तोलाई तक रेट फिक्स है और संबंधित अधिकारी समिति प्रबंधक को वाहवाही देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं और तो और बोरी में ठप्पे लगवाने के बाद तौलाई देने के साथ 40 किलो ग्राम से अधिक लगभग 41 किलो 300ग्राम अपनी धान भी किसानों को देना पड़ता है।



अगर कोई भी बोरी किसी भी केंद्र में तौलाई जाई तो दूध का दूध पानी पानी निकल सकता है और किसान डरा सहमा सब कुछ देखता रहता है क्योंकि अगर कोई आरोप भी लगाता हैं तो उसकी धान रिजेक्ट करने में समिति प्रबंधक और उनके गुर्गे कोई कसर नहीं छोड़ते हालांकि सब खेल जिम्मेदार अधिकारी के सह पर चल रहा है क्योंकि जिम्मेदार अधिकारी भी बारात में आशीर्वाद देने तक ही सीमित है।

वही ढखरा, सोनौरी, मटियारी खरीदी केंद्रों में उपार्जन करने आए एक दर्जन से अधिक किसानों ने बताया ढखरा समिति प्रबंधक राजेश मिश्रा, अरविंद उपाध्याय समिति प्रबंधक सोनौरी और अमाव समिति प्रबंधक राजेंद्र शर्मा की पूर्व में भी इनके द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की शिकायत तहसील स्तर से लेके जिला स्तर और कलेक्टर कार्यालय में प्रति मंगलवार को जनसुनवाई में भी शिकायत की गई थी पर शिकायत की जांच नहीं हुई वही अब देखना होगा कि वरिष्ठ अधिकारी क्या ढखरा, सोनौरी, मटियारी खरीदी पर क्या कार्यवाही करते ये तो समय बताएगा।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 को

### 17 खंडपीठों द्वारा होगा प्रकरणों का निराकरण

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2024 की चौथी लोक अदालत का आयोजन शनिवार दिनांक 14 दिसंबर को जिला मुख्यालय सीधी तथा तहसील चुरहट, मझौली एवं रामपुर नैकिन में किया जायेगा। जिला मुख्यालय सीधी में प्रातः 10:30 बजे स्थानीय ए.डी.आर. भवन जिला न्यायालय परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार पाण्डेय द्वारा नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया जायेगा।

नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु 17 न्यायिक खंडपीठों का गठन किया गया है। जिला न्यायालय सीधी में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव कुमार पाण्डेय, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मुकेश कुमार, प्रथम जिला न्यायाधीश राजेश कुमार श्रीवास्तव, चतुर्थ जिला न्यायाधीश गौतम कुमार गुजरे, प्रथम जिला न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश उर्मिला यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लक्ष्मण डोडबे, न्यायिक मजिस्ट्रेट सोनू जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट शोभना मीणा, न्यायिक मजिस्ट्रेट रेनू श्रीवास्तव, न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक साहू, एवं श्रम न्यायालय के प्रकरणों का निराकरण हेतु श्रम न्यायाधीश सुशील गहलोत की न्यायिक खंडपीठ का गठन किया गया है।

## आईसीआईसीआई प्रू लाइफ ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के 99.04 प्रतिशत क्लेम सिर्फ 1.2 दिनों में निपटाए

**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज निप्र।** सीएससी एवं इंडिया फर्स्ट के सहयोग से ज्ञान ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल नईगढ़ी जिला मऊगंज में कक्षा पांचवी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साह दिखाते हुए सुखी परिवार विषय में बेहतरीन चित्र बनाएं, सुखी परिवार की कल्पना में अपने हाथों से अपने सपने संजोए। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों ने काफी उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने प्रतिभा का परिचय दिया। सीएससी का यह प्रयास बच्चों में उनकी प्रतिभा को धरातल पर लाने का एक प्रयास किया गया।बेहतरीन चित्र बनाने वाले टॉप 3 प्रतियोगियों को जिला प्रबंधक सीएससी एवं विद्यालय प्राचार्य द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्य को सफल बनाने में स्कूल के प्राचार्य मनोज सिंह, सीएससी संचालक महेंद्र सिंह, शिवेंद्र सिंह, अतुल मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# भाजपा संगठन के चुनाव के दौरान हंगामा

## सिंगरौली में जिंदाबाद-मुर्दाबाद के नारे लगे, वीडियो आया सामने

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली जिले में बीजेपी के संगठन के चुनाव में गुरुवार को जमकर हंगामा हुआ और जिंदाबाद-मुर्दाबाद के नारे लगे। जिसका वीडियो शुक्रवार सामने आया है।



पूरा घटनाक्रम मंडल अध्यक्ष चुनाव के दौरान हुआ चुनाव प्रभारी आशा अरुण यादव का कहना है कि जिन लोगों ने हंगामा किया है। वह लोग पार्टी के लोग हैं ही नहीं। जबकि भाजपा जिला अध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता ने कहा है कि अगर किसी ने हंगामा किया है। पार्टी गाइडलाइन से अलग हटकर के कुछ काम किया है तो उसके खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

जिले में भाजपा संगठन के चुनाव चल रहे हैं। सबसे पहले मंडल अध्यक्षों का चुनाव हो रहा है। जिसमें बरगमा मंडल के लिए चुनाव अधिकारी के रूप में आशा अरुण यादव को नियुक्त किया गया था। वह वहां पर बूथ अध्यक्षों के साथ रायशुमारी कर रही थीं।

इस दौरान हंगामा शुरू हो गया और जिंदाबाद-मुर्दाबाद के नारे लगने शुरू हो गए हैं।

**बीजेपी जिला अध्यक्ष बोले-एक्शन लेंगे:** इस मामले पर शुक्रवार दोपहर जब भाजपा जिला अध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता से बात की गई तो पहले तो उन्होंने इस बात से इनकार कर दिया कि कोई हंगामा जैसी स्थिति थी। लेकिन वीडियो सामने आने के बाद उन्होंने यह जरूर कहा है कि अगर किसी ने पार्टी की गाइडलाइन से हटकर कोई काम किया है तो उन पर एक्शन लेंगे।.

नाम ना लिखने की शर्त पर भाजपा के ही एक कार्यकर्ता ने बताया कि यह पूरा खेल भाजपा जिला अध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता देवसर, विधायक राजेंद्र मेश्राम के इशारे पर ही हो रहा है और मनमाने ताकत तरीके से मकरध्वज सिंह उर्फ मंगल सिंह को मंडल अध्यक्ष बनाया जा रहा है जिसका हम विरोध करते हैं।


**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला- रीवा (म.प्र.)**

//निविदा सूचना //

क्रमांक-329/ई-टेंडर/न.पा.नि./2024 रीवा, दिनांक 10.12.2024

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रर्यकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2024_UAD_382717_2 11.12.2024 [SECOND CALL] 308/14.11.2024 | नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रांतर्गत स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 हेतु नई सेनेटरी नैपकिन डिस्पोजल मशीन, सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग इसिनेटर मशीन और हैण्ड ड्रायर की आपूति एवं पुरानी सेनेटरी नैपकिन डिस्पोजल मशीन, सेमेटरी नैपकिन वेंडिग इंसिनेटर मशीन और हेण्ड डागर की मरम्मत का कार्य। | 01 माह ₹2.35 लाख | ₹2000.00 ₹2350.00 | 18/10/2024 18:00 बजें तक। |
| 2. | 2024_UAD_387297_1 11.12.2024 [SECOND CALL] 327/10.12.2024 | स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 हेतु जोन क्रमांक-01 अंतर्गत स्थित वार्डो में वाल पेंटिंग, स्लोगन राइटिंग, आर्टवर्क, डिवाइडर पेंटिंग, नाली कवर एवं जाली तथा स्वच्छता से संबंधित अन्य कार्य। | 06 माह ₹8.41 लाख | ₹2000.00 ₹8410.00 | 18/10/2024 18:00 बजें तक। |
| 3. | 2024_UAD_387299_1 11.12.2024 [THIRD CALL] 328/10.12.2024 | जोन क्रमांक-02 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-09 में डोगरा मंदिर के पास कैलाशपुरी में WBM सड़क एवं पुलिया निर्माण का कार्य | 02 माह ₹8.38 लाख | ₹2000.00 ₹8380.00 | 18/10/2024 18:00 बजें तक। |

नोटः - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री स्वच्छ भारत मिशन**
**नगर पालिक निगम रीवा ( म.प्र. )**

# विचार

## मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर सपा की हार के बाद अब आजम की नाराजगी

जेल जाने से पहले तक समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री आजम खान की गिनती यूपी के बड़े मुस्लिम नेताओं के रूप में होती थी। मुलायम सिंह के वह सबसे खास हुआ करते थे। आजम के सहारे ही मुलायम सिंह मुस्लिम वोटरों को लुभाते थे। खासकर पश्चिमी यूपी में तो सपा के लिये आजम की राह पर चलना ही सबसे आसान तरीका समझा जाता था। सत्ता में रहते अखिलेश ने भी आजम को महत्व दिया, लेकिन योगी सरकार के आने के बाद आजम खान पर जब मुसीबतों का पहाड़ टूटा तो अखिलेश ने आजम को एक तरह से अकेला ही छोड दिया। जब तमाम नेता आजम से मिलने जेल पहुच जाया करते थे तब अखिलेश के मन में सीतापुर जेल में बंद अपने इस मुस्लिम नेता के प्रति वफादारी का भाव नहीं दिखा। यहां तक की अखिलेश द्वारा आजम के गृह जिला रामपुर के बारे में भी सियासी फैसले में उन्हें अनदेखा किया जाने लगा। इतना सब होते हुए भी आजम ने अखिलेश के खिलाफ कभी सार्वजनिक मंच से कोई बयान तो नहीं दिया,लेकिन दोनों नेताओं के बीच दूरियां सबको दिखने लगी थीं। जिस तरह से रामपुर में लोकसभा का टिकट आजम की बिना मर्जी के दिया गया और संभल के सांसद पर एफआईआर को सपा ने प्रमुखता दी, उससे कहीं न कहीं आजम का सब्र जबाव दे गया। क्योंकि अखिलेश की अनदेखी ने आजम के गृह जनपद रामपुर के साथ-साथ पश्चिमी यूपी में उनके सियासी अस्तित्व पर संकट खड़ा कर दिया है।उत्तर प्रदेश की नौ विधान सभा सीटों पर हुए उपचुनाव में जिस तरह से समाजवादी पार्टी को मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर हार का सामना करना पड़ा था,उसके बाद आजम की नाराजगी सपा प्रमुख के लिये मुसीबत का सबब बन सकता है।

मुसलमानों को बीच अपनी सियासी जमीन खिसकती देख आजम ने अब दबाव की राजनीति शुरू कर दी है। कहा जा रहा है कि यदि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने जेल में बंद अपने इस नेता को महत्व नहीं दिया तो अब आजम खान नई राह भी पकड़ सकते हैं, लेकिन आजम के लिये अलग होने की राह इतनी आसान नहीं है। क्योंकि इस बढ़बोले नेता को कोई बड़ी पार्टी अपने साथ नहीं लेना चाहती है। वैसे भी संभल पर सपा और कांग्रेस के बीच सियासी दरार पड़ती नजर आ रही है तो जेल में सजा काट रहे आजम खां ने इंडिया गठबंधन को कठघरे में खड़ा कर दिया है। रामपुर के सपा जिला अध्यक्ष अजय सागर ने आजम के सियासी संदेश को पत्र के जरिये लोगों के सामने रखा है। आजम के हवाले से पत्र में इंडिया गठबंधन पर मुस्लिमों की अनदेखी का आरोप लगाया गया है।

# ग्रेटर इजरायल प्लान क्या है? इसको अमेरिकी समर्थन क्यों हासिल है?

**या आपको पता है कि 19वीं सदी में यहूदीवाद (जायोनिज्म) आंदोलन की आधारशिला रखने वाले थियोडोर हर्जेल ने एक ऐसे यहूदी देश की अवधारणा रखी थी, जो अरब के एक बड़े इलाके में फैला हुआ होगा। यदि नहीं तो आपके लिए यह जानना जरूरी है कि यहूदीवाद, यहूदियों का तथा यहूदी संस्कृति का राष्ट्रवादी राजनैतिक आन्दोलन है जो इसराइल के ऐतिहासिक भूभाग में यहूदी देश की पुनर्स्थापना का समर्थन करता है। दरअसल, जायोनिज्म का आरभ मध्य एवं पूर्वी यूरोप में 19वीं शतादी के उरार्ध में हुआ।**




यह यूरोप के सिमेटिक विरोधी राष्ट्रवादी आन्दोलनों के प्रतिक्रियास्वरूप एक राष्ट्रीय पुनरुज्जीवन आन्दोलन के रूप में शुरू हुआ। यहूदीवाद आंदोलन का मुख्य उद्देश्य है कि फिलिस्तीन में यहूदीकरण तथा यहूदीबाद का विस्तार करना, जिसके लिए इसकी विश्व में बहुत आलोचना हो चुकी है। हालांकि इसके शीघ्र बाद इस आन्दोलन के अधिकांश नेताओं ने फिलिस्तीन के अन्दर अपना देश बनाने का लक्ष्य स्वीकार किया। फिलिस्तीन उस समय उसमानी साम्राज्य के अधीन था।

यही वजह है कि समय-समय पर इजरायल में इसे लेकर चर्चाएं होती रही हैं। बहरहाल सारिया में रूस समर्थित बशर अल-असद की क्रूर सत्ता के पतन के बाद अब एक बार फिर से इसकी चर्चा तेज हो गई है। क्योंकि तुर्की के साठगांठ और अमेरिका-इजरायल के परोक्ष सहमति से सीरिया में बशर अल-असद के पतन की पृष्ठभूमि तैयार की गई और इस दु:स्वप्न के साकार होने के बाद ही एक बार फिर से %ग्रेटर इजरायल% की चर्चा तेज हो गई। क्योंकि बिना कोई समय गंवाए इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू के आदेश के बाद इजरायली सेना ने अल्फा लाइन को पार कर लिया और सीरिया के एक बड़े हिस्से पर कब्जा जमा लिया।

इसके अलावा, इजरायल और अमेरिका की संयुक्त बमबारी करके सीरिया में सफल हुए विद्रोहियों की सेना को कमजोर कर दिया गया। उसकी थल, जल और वायु मारक क्षमता वाले हथियारों को लगातार नेस्तनाबूद किया गया। समझा जाता है कि ग्रेटर इजरायल में कई अरब देशों के हिस्से इजरायल के नेतृत्व वाले यहूदी देश में शामिल होंगे। क्योंकि ग्रेटर इजरायल प्लान में अरब का एक बड़ा इलाका शामिल है, जिसे साकार करने में अब ज्यादा वक्त नहीं लगेगा।

कारण कि सीरिया में बशर अल असद की सत्ता मिटने से ईरान ज्यादा कमजोर हुआ है। वहीं, रूस के पांव ही अरब मुल्क से उखड़ चुके हैं, जिससे अफ्रीका तक में रूसी रणनीति अब प्रभावित होगी। इससे एक ओर जहां अमेरिका-इजरायल की बल्ले-बल्ले हैं, वहीं तुर्की के एरदोगन भी अरब के मुस्लिम खलीफा बनने को ततपर नजर आ रहे हैं।

बता दें कि सीरिया में बशर अल-असद के शासन के लगभग ढाई दशक के शासन के खत्म होते ही इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इजरायली सेना को गोलान हाइट्स पर इजरायली कब्जे के पार सीरियाई क्षेत्र में जाने का आदेश दिया और इजरायली सेना ने टैंकों के साथ सीमा को बांटने वाली अल्फा लाइन को पार कर लिया। लिहाजा, इजरायली सेना के इस कदम के बाद से ही ग्रेटर इजरायल की परिकल्पना को साकार करने को लेकर चर्चाएं पुन: तेज हो गई हैं।

यह बात मैं नहीं कह रहा बल्कि खुद को मानवाधिकार कार्यकर्ता और इतिहासकार बताने वाले क्रेग मरे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर %ग्रेटर इजरायल% को लेकर एक बड़ा दावा किया है, जिससे अरब देशों में सनसनी मच गई है। दरअसल, उन्होंने कहा कि, %सीरिया में एक नई सरकार आकार ले रही है, जिसकी फंडिंग और तैयारी तुर्की, अमेरिका, इजरायल और खाड़ी देश कर रहे हैं।% यही नहीं, उन्होंने आगे कहा कि %यह लोकतंत्र का सांठगांठ मानवाधिकारों के बारे में नहीं है। बल्कि यह ग्रेटर इजरायल और फिलिस्तीनियों के नरसंहार के बारे में है।%

इसलिए अब सवाल उठता है कि आखिर ग्रेटर इजरायल का अभिप्राय क्या है ? तो एक बार फिर यहां स्पष्ट कर दें कि ग्रेटर इजरायल का मतलब उस बड़े अरब भूभाग से है, जहां तक कभी प्राचीन यहूदी राज्य हुआ करता था। इसे मध्य पूर्व के लिए जायोनिस्ट (यहूदीवादी) विस्तारवादी योजना भी कहा जाता है। जानकार बताते हैं कि 19वीं सदी में यहूदीवाद की स्थापना करने वाले थियोडोर हर्जेल ने इसकी अवधारणा दी थी। इसमें मिस्र की नील नदी से यूफ्रेट्स और मदीना से लेकर लेबनान तक का इलाका शामिल है। यानी इस क्षेत्र में मिस्र, लेबनान, सीरिया, इराक, सऊदी अरब, पूरा जॉर्डन और कब्जे वाला फिलिस्तीनी क्षेत्र शामिल है।

समझा जाता है कि इस विशाल इलाके में अमेरिकी प्रभुत्व होने के कारण इजरायल को यह स्वप्न साकार करने में कोई परेशानी नहीं आएगी, बल्कि इस स्वप्न के साकार होते ही उसकी सैन्य ताकत और क्षेत्रीय रणनीतिक प्रभुत्व क्षमता में और भी इजाफा हो जाएगा। समझा जाता है कि भारत का भी मूक समर्थन पुराने और भरोसेमंद दोस्त इजरायल को हासिल है, अन्यथा रूस को सीरिया से खदेड़ने का षड्यंत्र वह नहीं रचता और न ही उसमें शामिल होता। उधर, अमेरिका भी इस मुद्दे पर खामोशी के लिए भारत का अहसानमंद है।

वहीं, अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार बताते हैं कि बंगलादेश में हिंदुओं के खिलाफ जो इस्लामिक षड्यंत्र चल रहा है, उसके परिप्रेक्ष्य में %अखंड भारत% यानी ग्रेटर इंडिया के सपने को साकार करने का आरएसएस का दबाव मोदी सरकार पर बढ़ रहा है। यह तभी संभव होगा, जब अरब देश कमजोर होंगे। चूंकि इजरायल की मजबूती ही अरब देशों की कमजोरी है। इसलिए ईरान से लेकर सीरिया तक में चीनी-रूसी दिलचस्पी के बाद भी भारत ने रणनीतिक तटस्थता बरती, जिससे अमरीकी-इजरायल गेम प्लान तो सफल हुआ ही, भारत के शत्रु व पाकिस्तान के समर्थक देश तुर्किये की करीबी भी रूस से घटी, जो भारत के लिए एक शुभ संकेत है।

सीआईए और रॉ से जुड़े लोग बताते हैं कि ग्रेटर इंडिया प्लान में अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बंगलादेश, म्यामांर और ईरान के उन हिस्सों को भारत में शामिल करना है, जो कभी विशाल मगध साम्राज्य का हिस्सा रह चुके हैं। इसमें तिब्बत, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मालदीव आदि स्वत: शामिल हो जाएंगे। इस क्षेत्र में न केवल सनातनी विचारों को मजबूत करना है, बल्कि हिंसा-प्रतिहिंसा के लिए कोई जगह न बचे, ऐसा प्रशासन मजबूत करना है। समझा जाता है कि चीन को काबू में रखने के लिए अमेरिका और मुसलमानों को कमजोर करने के लिए इजरायल भी ग्रेटर इंडिया प्लान से सहमत है, जो अभी सिर्फ कागजों पर है और नीतिगत रूप से खुफिया एजेंसी की प्राथमिकता में है।

तो जवाब यही होगा कि इजरायली राजनीति में ग्रेटर इजरायल की बात कोई नई बात नहीं है, बल्कि मिडिल ईस्ट मॉनिटर की एक रिपोर्ट भी इस बात की चुगली करती है, जिसके अनुसार, जनवरी 2024 को इजरायली राजनेता एवी लिपकिन ने कहा था कि, 卐आखिरकार हमारी सीमाएं लेबनान से सऊदी अरब के ग्रेट डेजर्ट तक फैलेंगी। फिर भूमध्य सागर से फरात नदी (इराक) तक। और फरात के दूसरी तरफ कौन है? कुर्द! और वे हमारे दोस्त हैं।卐 वहीं, लिपकिन ने आगे कहा कि, इसलिए हमारे पीछे भूमध्य सागर है और हमारे सामने कुर्द हैं, लेबनान है, जिसे वास्तव में इजरायल की छत्रछाया की आवश्यकता है। मेरा मानना है कि फिर हम मक्का, मदीना और माउंट सिनाई पर कब्ज़ा करेंगे, और उन जगहों को शुद्ध करेंगे।

# गडकरी बताएं दिल्ली-एनसीआर के लोग आखिर कहां जाएं

**योगेंद्र योगी**

देश की राजधानी दिल्ली का प्रदूषण इतना खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी दिल्ली आने से घबराते हैं। गडकरी ने कहा कि स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पडने से वे दिल्ली आने से कतराते हैं। गडकरी मंत्री हैं। उनके पास साधन और सुविधाएं हैं। वे कहीं भी आसानी से आवागमन कर सकते हैं। सवाल दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र (एनसीआर) के करोड़ों लोगों के जीवन का है। इतने लोग अपना कामकाज, घरबार छोड़ कर कहां जाएं। प्रदूषण के धीमे जहर को पीना उनकी मजबूरी बन गई है। ज्यादातर सांसदों, मंत्रियों पर अकूत दौलत है। उनके लिए प्रदूषण से बचने के लिए कहीं भी देश में सरकारी खर्च पर आना-जाना आसान हैं। वैसे भी नेताओं को संसद और विधानसभा को सुचारू चलाने की ज्यादा इ्क्षचता नहीं है। दिल्ली और एनसीआर के लोगों को सरकारी मशीनरी और नेताओं के नाकारपन का अभिशाप झेलने को मजबूर होना पड़ रहा है। देश की राजधानी होने के बावजूद दिल्ली हर तरह के जानलेवा प्रदूषण की शिकार है। वाहनों और फैक्ट्री के धुएं से होने वाला प्रदूषण, यमुना का प्रदूषण और घरों-प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे का प्रदूषण। तीनों तरह के प्रदूषण का बोझ उठाने के लिए दिल्ली अभिशप्त हो चुकी है। दिल्ली में केंद्र भाजपा गठबंधन की और राज्य में आप की सरकार मौजूद हैं। इससे पहले दिल्ली में लंबी अवधि तक कांग्रेस का शासन रहा है। प्रदूषण से निपटने में सभी राजनीतिक दल नाकाम रहे हैं। दिल्ली में कचरे का पहाड़ आज भी नेताओं के दावों-वादों को मुंह चिढ़ा रहा है। हिंदू-मुस्लिम विवाद और भ्रष्टाचार की तरह प्रदूषण नेताओं के लिए कभी चुनावी मुद्दा नहीं बन पाया। जब कभी प्रदूषण का मुद्दा उठता भी है तो केंद्र और दिल्ली की सरकार गेंद एक-दूसरे के पाले में डाल कर अपनी जिम्मेदारी से बरी हो जाती हैं। यही वजह है कि दिल्ली और एनसीआर की आबोहवा इतनी बिगड़ चुकी है कि सांस लेना भी दुभर हो रहा है।

विशेषज्ञों के मुताबिक दिल्ली में रहने वाले कम से कम 10 सिगरेट जितना प्रदूषण हर दिन लेने को विवश हैं। सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण जैसी संवैधानिक स्वतंत्र संस्थाए भी तमाम प्रयासों के बावजूद दिल्ली और एनसीआर के प्रदूषण से निपटने में प्रभावी भूमिका अदा नहीं कर सकी। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने अपने बयान में स्वीकार किया था कि दिल्ली में 50 प्रतिशत प्रदूषण वाहनों से निकलता है। गडकरी देश के परिवहन मंत्री हैं। ऐसे में सवाल यही उठता है कि आखिर प्रदूषण की विकराल समस्या से निपटने की जिम्मेदार किसकी है। जब देश का परिवहन मंत्री ही समस्या के समाधान से मुंह चुराने लगे तो अवाम किससे उम्मीद करे।

स्विस संगठन की विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2023 में दिल्ली को सबसे खराब वायु गुणवत्ता वाला राजधानी शहर बताया गया है। रिपोर्ट 2023 के अनुसार, 2023 में 134 देशों में से बांग्लादेश और पाकिस्तान के बाद भारत की वायु गुणवत्ता तीसरी सबसे खराब की भविष्यवाणी की गई। राष्ट्रीय राजधानी को वर्ष 2018 से लगातार चार बार विश्व का सबसे



प्रदूषित राजधानी शहर बताया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि अनुमान है कि भारत में 1.36 अरब लोग पीएम 2.5 की सांद्रता का अनुभव करते हैं, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा अनुशंसित वार्षिक दिशानिर्देश स्तर 5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से अधिक है। दिल्ली और एनसीआर में प्रदूषण से खराब हालात में सुधार करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के प्रयास भी सरकारों के नाकारपन के कारण बौने साबित हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट दर्जनों बार फटकार लगा चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर सुनवाई दौरान कहा कि कोर्ट कमिश्नरों की रिपोर्ट में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। अदालत ने कहा कि सरकारी एजेंसियों और दिल्ली पुलिस के बीच समन्वय की कमी है। साथ ही अदालत ने कहा कि दिल्ली में फिल्हाल ग्रैप-4 जारी रहेगा। दिल्ली सरकार, एमसीडी, डीपीसीसी, सीएक्यूएम और अन्य अधिकारियों के बीच समन्वय की पूरी तरह से कमी है। समन्वय सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग पर है। इसलिए ग्रैप-4 को लागू करने के लिए समन्वय हो।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के साथ-साथ पंजाब और हरियाणा की राज्य सरकारों को फटकार लगाई क्योंकि राज्य प्रदूषण विरोधी उपायों को लागू करने में विफल रहे। यह ऐसे समय में हुआ है जब दिल्ली एनसीआर की वायु गुणवत्ता बहुत खराब बनी हुई है, जिससे सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। मामले की सुनवाई कर रही शीर्ष अदालत की पीठ ने पंजाब और हरियाणा सरकारों द्वारा खेतों में लगी आग को बुझाने के प्रयासों को मात्र दिखावा करार दिया। हवा की गुणवत्ता खराब होने का एक स्पष्ट कारण पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे कृषि प्रधान राज्यों में पराली जलाने की बार-बार होने वाली घटनाएँ हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने 23 अक्टूबर को पर्यावरण कानूनों को शक्तिहीन बनाने के लिए केंद्र की आलोचना की और कहा कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) अधिनियम के तहत पराली जलाने पर दंड से संबंधित प्रावधानो को लागू नहीं किया गया है। मामले की सुनवाई कर रही पीठ ने कहा कि वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के प्रावधान को लागू करने के लिए कोई आवश्यक तंत्र बनाए बिना ही अधिनियम लागू कर दिया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के अनुसार भारत में हर साल पैदा होने वाले 22 मिलियन टन चावल के ठूंठ में से लगभग 14 मिलियन टन पराली को आग के हवाले कर दिया जाता है।

# रीना गिरी हत्याकांड..सास-ससुर ने सुपारी देकर करवाई हत्या

## बलरामपुर थाने में पति ने लगाई थी फांसी, झगड़ा करती थी इसलिए झारखंड ले जाकर मार डाला






**मीडिया ऑडीटर, बलरामपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर के रीना गिरी हत्याकांड मामले में झारखंड की गढ़वा पुलिस ने सास, ससुर सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रीना के पति स्वास्थ्यकर्मी गुरुचंद मंडल ने बलरामपुर थाने में फांसी लगा ली थी, जिसे लेकर बलरामपुर में जमकर हंगामा हुआ था। लापता रीना गिरी का शव 30 सितंबर को गढ़वा थाना क्षेत्र के गबेलचंपा में कोयल नदी के पुल के नीचे मिला था। घर में झगड़ा करने की वजह से रीना की हत्या 30 हजार रुपए सुपारी देकर कराई गई थी।

दरअसल, संतोषी नगर निवासी रीना गिरी (30) पिछले 29 सितंबर को लापता हो गई थी। रीना गिरी के भाई बदला मंडल ने पति और ससुराल वालों पर हत्या करने की आशंका जताते हुए बलरामपुर एसपी से शिकायत की थी। रीना के पति गुरुचंद मंडल, ससुर शांति मंडल, चचेरे देवर और गुरुचंद की बहन के ससुर रमेश मंडल को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही थी।

**झारखंड पुलिस ने कर दिया था अंतिम संस्कार:** 30 सितंबर को झारखंड की गढ़वा पुलिस ने शव मिलने के मामले में शिनाख्त नहीं होने के कारण अंतिम संस्कार कर दिया था। रीना गिरी के दोनों हाथ बंधे थे और सिर में गहरे चोट के निशान मिले थे। मृतका की शिनाख्त रीना गिरी के भाई बदला गिरी ने की थी।

गोदरमाना के रहने वाले रीना गिरी के रिश्तेदार की शिकायत पर गढ़वा पुलिस ने पति गुरूचंद मंडल, शांति मंडल, रमेश मंडल, लतिका मंडल व अन्य के खिलाफ धारा 103(1), 238 (3)(5) के तहत अपराध दर्ज किया था।

**गढ़वा पुलिस ने चार को किया गिरफ्तार:** गढ़वा पुलिस ने मामले में ससुर शांति मंडल, सास लतिका मंडल, शांति मंडल के बेटी के ससुर रमेश मंडल को बलरामपुर के संतोषीनगर से हिरासत में लिया था। तीनों से पूछताछ के बाद पुलिस ने एक अन्य आरोपी बीरा उरांव को पुलिस ने बलरामपुर से गिरफ्तार किया।

**विवाद होता था, इसलिए की हत्या:** गढ़वा थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ कि रीना गिरी अपने पति गुरूचंद मंडल सहित सास और ससुर से विवाद करती थी। गुरूचंद मंडल की यह दूसरी शादी थी। रीना की हत्या 30 हजार रुपए सुपारी देकर कराई गई थी। रीना की हत्या के लिए 30 हजार रुपए की सुपारी शांति मंडल ने अपने समधी रमेश मंडल को दी थी। रमेश मंडल ने हत्या की योजना बनाते हुए बलरामपुर निवासी अपने दोस्त बीरा लकड़ा को इसमें शामिल किया।

**कार से अपहरण कर की हत्या:** घटना दिनांक 29 सितंबर को रमेश मंडल ने दोस्त बीरा उरांव के साथ कार से रीना मंडल का अपहरण किया और घटनास्थल पर ले जाकर उसकी हत्या कर दी। वे वापस आए तो रीना मंडल की सास ने हत्या के लिए सुपारी की शेष 10 हजार रुपए आरोपियों को दी।

**संदेही पति ने थाने में लगाई थी फांसी:** 24 अक्टूबर को बलरामपुर थाने में गुरुचंद मंडल का शव फांसी पर झूलता मिला। जिसके बाद परिजनों ने पुलिस पर हत्या कर शव टांगने का आरोप लगाया था। इसके बाद थाने में लोगों ने तोड़फोड़ कर प्रदर्शन किया। दूसरे दिन भी पुलिस बल पर हमला हुआ। मामले में हमलावरों के खिलाफ बलरामपुर थाने में अपराध दर्ज किया गया है।

# भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र में विधायक मद से हितग्राहियों के लिए 8,50, 000 रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-01 भरतपुर-सोनहत के लिए 10 लाख रुपए की जनसंपर्क निधि (विधायक मद) के अंतर्गत स्वीकृत की गई है। इस निधि से 8.50 लाख रुपए की राशि विभिन्न हितग्राहियों को वितरित करने के लिए स्वीकृत की गई है। भरतपुर-सोनहत की विधायक रेणुका सिंह ने इस राशि का आहरण कर प्रत्येक हितग्राही को 5- 5 हजार रुपए प्रदान करने की अनुशंसा की की है। यह अनुशंसा माननीय प्रभारी मंत्री जिला कोरिया/एमसीबी के अनुमोदन के पश्चात की गई। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा यह राशि हितग्राहियों को सामाजिक सहायता और आवश्यक जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से प्रदान की गई है।

सभी हितग्राहियों का नाम इस प्रकार है जिसमें आर्थिक सहायता में पिंकी रजक, नई लेदरी, राम प्रसाद, नई लेदरी, बसंत केवट, नई लेदरी, कामता प्रसाद, नई लेवरी, पूजा सारथी, नई लेदरी, उषा केवट, नई लेदरी,दादूलाल नावित, नई लेदरी, शांत कुमार दास, नई लेदरी, बबुआ प्रजापति, नई लेदरी, ईदमुबारक, नई लेदरी, रामअवतार नई लेदरी, पिंकी सिंह, नई लेदरी, शुद्धमनी विश्वास, नई लेदरी, पूजा कोल नई लेदरी, मनोज पाण्डेय नई लेदरी, दुर्गावती नई लेदरी, मीरा नई लेदरी, रविराम कुर्रे नई लेदरी, वंदना देवी, नई लेदरी, रामकुमार यादव नई लेदरी, सुस्मिता नई लेदरी, पूजा प्रजापति नई लेदरी, रामरती यादव नई लेदरी, नरेश कोल खोंगापानी, सुरज कोल खोंगापानी, रोहित कुमार खोंगापानी, कमलेश खोंगापानी, संतोष खोंगापानी, प्रदीप खोंगापानी, विजय खोंगापानी, लल्ला कोल खोंगापानी, सारिका देवांगन खोंगापानी, सुभाषिनी तिवारी खोंगापानी, श्रवण खोंगापानी, ललित खोंगापानी, अकबर खोंगापानी, कलावती खोंगापानी, चंपा देवी खोंगापानी, रायसिंह खोंगापानी, मीनू जेम्स खोंगापानी, शशि सिंह खोंगापानी, दुर्गेश पाल खोंगापानी, उत्तम सिंह खोंगापानी, वेदमती खोंगापानी, अन्नू केवट खोंगापानी, जानकी पनिका खोंगापानी, पूर्णिमा खोंगापानी, ममता तिवारी खोंगापानी, आशा पनिका खोंगापानी, मुरलीधर मिश्रा खोंगापानी, पार्वती खोंगापानी, सूरजवती खोंगापानी, शीला खोंगापानी, फूलमती खोंगापानी, विमल चौहया खोंगापानी, महेश साहू खोंगापानी, पार्वती मण्डल खोंगापानी, द्रौपती खोंगापानी, समित कुमार चौहथा खोंगापानी, अरविंद कुमार खोंगापानी, कु. राधा खोंगापानी, मदन लाल तिवारी खोंगापानी, अगास बाई खोंगापानी, विनय सेन गुप्ता खोंगापानी, माला खोंगापानी, फूलबाई खोंगापानी, संतोष कुमार सोनखरे खोंगापानी, शिवचरण शर्मा खोंगापानी, अनिल त्रिपाठी खोंगापानी, रमा अधिकारी खोंगापानी, चोटन भण्डारी खोंगापानी, मिनी मत्र खोंगापानी, सरस्वती साहमी खोंगापानी, बूटी बाई, खोंगापानी, मंदोदरी खोंगापानी, रैमा मत्र खोंगापानी, सोनू प्रजापति खोंगापानी, राधेश्याम प्रजापति, बंजी सेमकरण हरिजन, केलुआ, केल्हारी, इंद्रवती भरेवा केल्हारी, परमात्मा गुप्ता केल्हारी, रामनाथ तिवारी, केल्हारी, अमरसाय केल्हारी, गोविंद पाव, केल्हारी, धमेन्द्र कुमार द्विवेदी, जनकपुर, कंचन पतवार, जनकपुर, महेश गुप्ता, जनकपुर, कमलेश यादव, जनकपुर, प्रकाश सोनी, जनकपुर, सीता बैंगा, जनकपुर, रामसुमन यादव, जनकपुर, गेंद लाल पटेल, जनकपुर, अमर श्रीवास, जनकपुर, सुदर्शन यादव, जनकपुर, महिपाल चौधरी, जनकपुर,अतुल नामदेव, जनकपुर, दिनेश मौर्य, जनुआ पो. देवघर, महावीर पनिका, भुमका पो. काटाडोल, कलावती सिंह, कोटाडोल, कलावती, ग्रा.रीसागाडा पो. कमर्जी, रामगोपाल यादव, कोटडोल, संगीता दास, कोटडोल, पिंकी वर्मा, मैनपुर, ज्वाला प्रसाद, ग्रा.मसर्रा पो. कोटाडोल, निर्मला सिंह, कंजिया, पुष्पलता सांधे, कंजिया, मृगेंद कुमार पटेल, कुँवारपुर, बहोरीलाल पनिका, जमथान, आहिल्या यादव, बडवाही, बब्बी जुइली रापा पो. खमरौंध, राज कुमारी यादव, उचेहरा पो. बहरासी, मानमती यादव, कनौज, कुमारी शनि यादव, चांटी, गयादीन हरई, दिलीप यादव, जनुआ, लल्ली बाई, बहरासी, पारसनाथ, लाखनटोला, प्रेमलाल बैंगा, भमरखोह मुन्नी बाई, पोट्टा झोरकी, सिरवतिया, मलखडोल, अनिता, तितौली, मान्सी सिंह, बहरासी, रामकली, लावाहोरी, श्यामवती कुशवहा, सिंगरौली, मणी प्रसाद पाण्डे, जनकपुर, सुदर्शन यादव,रेंद, सुनिता विश्वकर्मा, डोम्हरा, ज्योति सिंह, भगवानपुर, राजकुमार तिवारी, माडीसरई, दयाशंकर, बदरा, रमेश कुमार सूर्यवंशी, केशगवा संत कुमार, कटगोडी और आशीष कुमार सारथी, ओरगई को पांच पांच हजार का आर्थिक सहायता दिया गया है ।

## सौतेली मां ने बेटी का सिर फोड़ा, चाय दुकान में मचा जमकर बवाल

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर निप्र।** रायपुर में सौतेली मां ने बेटी के सिर पर स्टील बॉटल मार कर उसका सिर फोड़ दिया है। मां बेटी के बीच में चाय दुकान में जमकर बवाल मचा। इस दौरान दोनों पक्षों की तरफ से मारपीट की गई। बताया जा रहा है की बेटी ने भी कुर्सी से सौतेली मां की पिटाई कर दी। ये पूरा मामला गुढ़ियारी थाना क्षेत्र का है। इस मामले में पहली शिकायत बलजीत कौर ने दर्ज कराई है। बलजीत ने बताया कि उसके पिता अरविंद कुमार त्रिहान उसकी मां को 3 साल से छोड़कर रामनगर कबीर चौक में रहते है। वह एक दूसरी महिला सीमा बोरकर के साथ रहते है। 11 दिसंबर की रात 9 बजे वे अपने पिता से मिलने के लिए गए। तो सीमा बोरकर ने गाली गलौज शुरू कर दी और स्टील बोतल से बलजीत के सिर पर वार कर दिया। जिसके बाद लहूलुहान हालत में बलजीत को अस्पताल ले जाया गया। दूसरी शिकायत सीमा ने पुलिस से की उसने बताया कि वह अपनी चाय दुकान में मौजूद थी।

## त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 की आरक्षण प्रक्रिया का विस्तृत कार्यक्रम 17 को

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** छत्तीसगढ पंचायत राज अधिनियम 1993 छत्तीसगढ़ पंचायत (उपसरपंच अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष) निर्वाचन नियम 1995 एवं छत्तीसगढ़ निर्वाचन नियम 1995 के अनुशांगिक प्रावधानों के तारतम्य में एतद द्वारा सर्व साधारण की जानकारी के लिये सूचित किया जाता है कि जिले के खण्ड भरतपुर, खड़गवां और मनेंद्रगढ़ के ग्राम पंचायत के सरपंच/पंच पदों के प्रवर्गवार एवं महिला लॉटों के प्रवर्गवार स्थानों के आवंटन/आरक्षण के लिये नियमानुसार कार्यवाही के प्रयोजन हेतु कार्यवाही कलेक्टर जिला एमसीबी द्वारा किये जाने का विवरण निम्नानुसार है।

स्थान खण्ड मुख्यालय भरतपुर के सभा कक्ष में कार्यवाही 17 दिसम्बर 2024 को 11 बजे से किया जाएगा। वहीं खण्ड मुख्यालय खड़गवां के सामुदायिक भवन में कार्यवाही 17 दिसम्बर 2024 को 11 बजे से और खण्ड मुख्यालय मनेंद्रगढ़ के जनपद सभा कक्ष में कार्यवाही 17 दिसम्बर 2024 को 11 बजे से किया जाएगा।

उपरोक्त वर्णित कार्यवाही के समय सर्व साधारण की जानकारी एवं नियमानुसार आरक्षण की कार्यवाही में साक्ष्य के रूप में उपस्थिति हेतु सूचना प्रकाशित की जाती है। साथ ही त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 अंतर्गत ग्राम पंचायतों के वार्डों का प्रवर्गवार आरक्षण तथा महिला सरपंच का लॉट के माध्यम से आरक्षण की कार्यवाही स्तम्भ (4) में अंकित स्थलों पर सम्पन्न की जावेगी।

# वीडियो -कॉल पर बात करते छत से कूदी छात्रा-मौत

## केयर-टेकर के सामने हॉस्टल की दूसरी मंजिल से लगाई छलांग, 2 महीने पहले ली थी एडमिशन



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक दिव्यांग (मूकबधिर) छात्रा ने हॉस्टल की दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी, जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि केयर टेकर छत पर ही मौजूद थी। उस वक्त छात्रा इशारों में वीडियों कॉल पर बात करते-करते कूद गई। मामला सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक छात्रा कोरबा जिले की रहने वाली थी। तिफरा स्थित आश्रयदत्त कर्मशाला (हॉस्टल) में 2 महीने पहले ही दाखिला लिया था, वह कम्प्यूटर कोर्स कर रही थी। मौत को लेकर छात्रा की बहन ने प्रबंधन पर लापरवाही बरतने और गुमराह करने का आरोप लगाया है।

**केयर टेकर ने मोबाइल पर बात करते छत पर जाते देखा:** मिली जानकारी के मुताबिक रोज की तरह सभी चाय-नाश्ता कर रहे थे। इसी दौरान पल्लवी मोबाइल पर बात करते हुए छत की तरफ गई। केयर टेकर अलका कोरी ने छत पर उसे जाते देखा। उसके साथ एक अन्य छात्रा ने भी उसे छत पर देखा। इस दौरान पल्लवी छत के किनारे गई और छलांग लगा दी। इस दौरान उसे कूदते देखकर केयर टेकर और एक अन्य छात्रा दौड़कर मौके पर पहुंचे, तो वह जमीन पर गिरी पड़ी थी। सभी आवाज सुनकर नीचे पहुंचे। छात्रा सिर के बल पड़ी थी। सिर और नाक से बहुत ज्यादा खून बह गया, जिससे उसकी जान चली गई।

**बहन बोली- छत से गिरने की जानकारी:** पल्लवी की बहन प्रिया राज ने बताया कि हॉस्टल से उसे जानकारी मिली कि पल्लवी सुबह छत पर बैठकर धूप ताप रही थी। इसी दौरान वो छत से गिर गई, जिससे वो नीचे लहूलुहान हालत में मिली। छात्रावास के कर्मचारी उसे सिम्स में भर्ती कराए हैं, उसे मामूली चोटें आई है।

**प्रबंधन ने बार-बार गुमराह किया:** प्रिया राज ने बताया कि प्रबंधन ने बार-बार गुमराह किया। पहले सीढ़ी से गिरने से चोट लगने की बात कही, फिर छज्जे से गिरना बताया गया। जब वह अस्पताल पहुंची, तब सही जानकारी देने वाला कोई नहीं था। अस्पताल में उसे अपनी बहन की मौत की खबर मिली।

# भाजपा पार्षद के दबाव में जारी किया बेदखली नोटिस

## प्राइवेट जमीन को नगर निगम ने बताया अतिक्रमण, हाईकोर्ट ने जारी किया स्थगन आदेश, कमिश्नर से मांगा जवाब



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** भिलाई के रिसाली नगर निगम ने प्राइवेट जमीन पर पहले महिला को क्लीन चिट दे दी। फिर भाजपा पार्षद के दबाव में उसे विवादित बताकर बेदखली नोटिस जारी कर दिया। इस मामले में दायर याचिका पर हाईकोर्ट ने निगम के नोटिस पर स्थगन आदेश दिया है। वहीं, निगम आयुक्त को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

दरअसल, नीलिमा नैयर ने एडवोकेट संदीप दुबे के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें उन्होंने भाजपा पार्षद पर सत्ता का दुरुपयोग करते हुए उसकी निजी जमीन को विवादित बताकर हड़पने का आरोप लगाया है। याचिका में कहा कि जिस जमीन को पूर्व में जांच के बाद रिसाली नगर निगम आयुक्त ने जांच रिपोर्ट के आधार पर क्लीन चिट देते हुए निजी जमीन बताया था। उसी जमीन को कमिश्नर ने विवादित और अवैध निर्माण होना बताते हुए बेदखली के लिए नोटिस जारी कर दिया है।

**निगम ने प्राइवेट जमीन पर बनाया 500 फीट का रास्ता:** याचिका के अनुसार नीलिमा नैयर ने खसरा नंबर 398/2 क्षेत्रफल 4600 वर्ग फीट भूमि खरीदी है। यह जमीन वार्ड क्रमांक 61 प्रगति नगर, रिसाली, भिलाई में पंजीकृत विक्रय विलेख 5 सितंबर 2019 के तहत स्थित है। उनकी जमीन का अधिग्रहण किए बिना ही नगर निगम ने 500 फीट का रास्ता बना दिया। इसकी जानकारी होने पर उन्होंने अपनी जमीन सुरक्षित रखने के लिए तार और लोहे की छड़ से घेर दिया। जिस पर संजय कुमार वर्मा और अन्य द्वारा शिकायत की गई। 6 मार्च 2023 को नगर निगम ने इसकी जांच कराई। जांच रिपोर्ट में शिकायत को झूठा बताते हुए उक्त जमीन को प्राइवेट जमीन बताया।

**भाजपा पार्षद पर जमीन हड़पने की साजिश करने का आरोप:** याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में कहा है कि भाजपा का एक वार्ड पार्षद उक्त जमीन को उसे बेचने के लिए दबाव बना रहा है। इसलिए उसके प्रभाव में आकर रिसाली नगर निगम के आयुक्त ने 4 दिसंबर को फिर से नोटिस जारी कर अवैध निर्माण होना बताया है।

**हाईकोर्ट ने जारी किया स्थगन आदेश, निगम आयुक्त से मांगा जवाब:** मामले की सुनवाई जस्टिस एनके चंद्रवंशी के सिंगल बेंच में हुई। कोर्ट ने कहा कि, आयुक्त नगर पालिक निगम रिसाली की जांच रिपोर्ट और याचिकाकर्ता के दसवेजों को देखकर निगम आयुक्त के नोटिस पर स्थगन आदेश जारी किया है। इसके साथ ही आयुक्त को नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

# पार्टी के बाद बड़ी मां को जिंदा जलाया

## भतीजी को टोकती थी- लड़कों के साथ मत घूमो, घर मत बुलाओ, इसलिए हत्या



**मीडिया ऑडीटर, सरगुजा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में महिला को उसकी भतीजी और भतीजे ने जिंदा जला दिया। महिला की मौत होने पर उसके शव को बाहर फेंक दिया। मृतका (बड़ी मां) ने अपनी भतीजी को दूसरे लड़कों को घर में बुलाने और लड़कों के साथ घूमने पर टोका था। वारदात धौरपुर थाना इलाके के ग्राम चटकपुर की है। बुधवार शाम भतीजी प्रभा विश्वकर्मा (25) और भतीजे अमृत उर्फ चंटू (22) ने पार्टी रखी थी। अपनी बड़ी मां भीनसरी (50) को भी उसने बुलाया था।

**लड़कों के साथ घूमने को लेकर विवाद:** पार्टी में प्रभा विश्वकर्मा ने अपने अन्य दोस्तों को भी बुलाया था। देर शाम तक घर में शराब और मुर्गा पार्टी चलती रही। पार्टी के बाद भीनसरी विश्वकर्मा ने अपनी भतीजी प्रभा विश्वकर्मा को टोका कि वो गांव के लड़कों को घर में क्यों बुलाती है और उनके साथ क्यों घूमती है।

**दूसरे मकान के सामने फेंका शव:** टोकने पर प्रभा भड़क गई और दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद होने पर प्रभा विश्वकर्मा ने जलती हुई लकड़ी से भीनसरी के सिर पर वार कर दिया। जब भीनसरी बेहोश हो गई तो प्रभा विश्वकर्मा ने उसकी साड़ी में आग लगा दी। आग लगने से भीनसरी विश्वकर्मा गंभीर रूप से झुलस गई और उसकी मौत हो गई। इसके बाद प्रभा और अमृत ने शव को गांव में ही दूसरे घर के सामने फेंक दिया और वापस आकर सो गए। सुबह महिला का शव देख ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी।

**आरोपी भतीजा-भतीजी हिरासत में:** घटना की सूचना पर धौरपुर थाना प्रभारी अश्वनी दीवान की टीम मौके पर पहुंची। अंबिकापुर से फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम ने जांच की। शव फेंकने के स्थान से घटनास्थल तक कपड़े के जले हुए टुकड़े मिले। घर में जलने की गंध फैली थी। जलने के निशान और खून के धब्बे भी मिले। घटना के बाद प्रभा विश्वकर्मा फरार हो गई थी, जांच के बाद पुलिस ने प्रभा को राजपुर से हिरासत में लिया है। वहीं वारदात में साथ देने पर भतीजे अमृत को भी पकड़कर पूछताछ की। आरोपियों ने अपना अपराध कबूल कर लिया है। मामला में धारा 103 (1), 238 (3,4) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

**सांस नहीं ले पाई, हो गई मौत:** एडिशनल एसपी अमोलक सिंह ने बताया कि, फॉरेंसिक जांच के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। महिला की साड़ी, गर्म कपड़े और स्कार्फ में आग लगी थी। इस दौरान महिला को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन नहीं मिल पाई। इसके कारण उसकी मौत हो गई।

## तंबाकु नियंत्रण हेतु आयोजित हुई जिला स्तरीय प्रशिक्षण

# तम्बाकू नियंत्रण के लिए कोटपा 2003 एवं जेजे एक्ट के प्रावधानों पर हुई विस्तृत चर्चा



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** जिला कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन में ब्लूमबर्ग परियोजना के माध्यम से एमसीबी जिले में तंबाकु नियंत्रण हेतु कानून के प्रावधानों का कड़ाई से पालन कराये जाने एवं जिले के सार्वजनिक स्थानों, शैक्षणिक संस्थाओं एवं कार्यालयों को तंबाकु मुक्त किये जाने के उद्देश्य से 13 दिसम्बर 2024 को जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की जिला नोडल अधिकारी डॉ. कृति चौहान द्वारा तंबाकु नियंत्रण हेतु सभी विभागों के माध्यम से अभियान चलाकर जिले में तम्बाकू नियंत्रण कानून के प्रभावी अनुपालन करने की बात कही गई। टोल फ्री नंबर 104 सहित 1800-11-2356 का आवश्यकता होने पर उपयोग करने की अपील की गई। तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान की भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुरूप आगामी एक माह में जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थाओं को तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान घोषित किये जाने हेतु सुझाव दिया गया। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक रमेश सिन्हा द्वारा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नशा मुक्ति कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम के दौरान ब्लूमबर्ग परियोजना छत्तीसगढ़ के संभागीय सलाहकार प्रकाश श्रीवास्तव ने तंबाकु नियंत्रण कार्यक्रम के विषय में बताते हुए जिले में अंतरविभागीय समन्वय स्थापित कर कार्रवाई हेतु सुझाव दिया। साथ ही बताया कि तम्बाकू एवं तम्बाकू उत्पादों के उपयोग पर नियंत्रण के लिये डब्लूएचओ द्वारा तैयार की गई एमपॉवर रणनीति का प्रयोग किया जाएगा। अर्थात मॉनिटर, प्रोटेक्ट, ऑफर, वार्न, इंफोर्स, रेज आदि। मॉनिटर के तहत तम्बाकू के उपयोग और रोकथाम नीतियों की निगरानी की जाएगी। प्रोटेक्ट में लोगों को तम्बाकू के धुंए से बचाया जाएगा। ऑफर में तम्बाकू सेवन छोड़ने में मदद की जाएगी। वॉर्न में तम्बाकू के खतरों व हानिकारक प्रभाव के बारे में चेतावनी दिया जाएगा। इंफोर्स में तम्बाकू के विज्ञापन, प्रचार और प्रायोजन पर प्रतिबंध लागू किया जाएगा। वहीं रेज के द्वारा तम्बाकू पर टैक्स बढ़ाने सम्बन्धी उपाय किये जाएंगे। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि वैश्विक युवा तम्बाकू सर्वेक्षण-4 की रिपोर्ट अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में 8 प्रतिशत तम्बाकू उपयोगकर्ता 13 से 15 वर्ष के विद्यार्थी शाला में अध्ययनरत हैं। तथा राज्य की कुल आबादी की 39.1 प्रतिशत आबादी तंबाकु का उपयोग करती है। साथ ही कोटपा एक्ट 2003 कोटपा छग संशोधन अधिनियम, ई-सिगरेट पर प्रतिबंध अधिनियम एवं जेजे एक्ट के प्रावधानों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। औषधि निरीक्षक आलोक मिंज के द्वारा चलानी कार्यवाही में अन्य विभागों की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इस प्रशिक्षण के अंत में सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा खुली चर्चा के माध्यम से जिले में तंबाकु नियंत्रण को गति प्रदान करने हेतु आवश्यक सुझाव दिए गए।

# पॉलिटेक्निक के छात्र ने किया सुसाइड

## किराए के मकान में लगाई फांसी, पिता रेलवे कर्मचारी, बलौदाबाजार का रहने वाला था

**मीडिया ऑडीटर, धमतरी एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी में पॉलिटेक्निक के छात्र ने फांसी लगा ली। छात्र किराए के मकान में रहता था। दरवाजा तोड़ कर पुलिस ने लाश बाहर निकाला। मृतक पॉलिटेक्निक कॉलेज में तीसरे सेमेस्टर का छात्र था। मामला रुद्री थाना क्षेत्र का है।

रुद्री के तरिया पारा में प्रियांशू रंजन (19) किराए के मकान में रह कर पढ़ाई कर रहा था। युवक ने 12-13 दिसंबर की रात को छात्र ने फांसी लगा ली। पास के रूम में रहने वाला छात्र शौच गया हुआ था, अचानक खिड़की पर नजर पड़ी तो छात्र पंखे से लटका हुआ था।

छात्र ने मामले की जानकारी मकान मालिक को दी। इनके बाद माकन मालिक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रिंसिपल ने बताया कि छात्र के पिता रेलवे डिपार्टमेंट में है। छात्र के माता-पिता बिहार चले गए थे, वह लौट रहे हैं।

# जनकल्याण पर्व में पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ और जिलों को मिल रही हैं विकास की सौगातें-मुख्यमंत्री

**भोपाल (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश में जनकल्याण पर्व मनाया जा रहा है। इसमें विकास के साथ-साथ उन पात्र व्यक्तियों को योजना के लाभ से जोड़ा जा रहा है जो अभी तक योजनाओं के लाभ से वंचित रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल संभाग के जनकल्याण पर्व कार्यक्रम में 758.92 करोड़ रुपये के 70 विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित भोपाल संभाग के जनकल्याण पर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल केवल प्रदेश की राजधानी ही नहीं बल्कि हमारे सांस्कृतिक और ऐतिहासिक गौरव का प्रतीक है। उन्होंने राजा भोज और राजा विक्रमादित्य के योगदान को याद करते हुए सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने की बात कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल के प्रत्येक प्रवेश मार्ग को गौरवशाली स्वरूप देने की दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजा भोज और सम्राट विक्रमादित्य के नाम पर प्रवेश द्वार बनाएं जाएंगे। भोपाल के तालाब और यहां की वास्तुकला आज भी जल संरक्षण और स्थापत्य कला के लिये मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में जल संरक्षण की परम्परागत तकनीकों को अपनाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भोपाल के ऐतिहासिक तालाबों की अद्भुत तकनीकी संरचना एवं उसकी उपयोगिता के को वर्तमान समय के लिये भी प्रासंगिक बताया।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का सम्मान विश्व स्तर पर बढ़ा है। मध्यप्रदेश भी विकास और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण में कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हरसंभव प्रयास कर मध्यप्रदेश के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश टाइगर स्टेट ऐसे ही नहीं बना है। यहां राजधानी की जिन सड़कों पर दिन में लोगों का आवागमन रहता है, उन सड़कों पर रात्रि में बाघ को विचरण करते देखा जा सकता हैं। यह दुनिया में कहीं और देखने को नहीं मिलता। यह सब?राजा भोज की नगरी भोपाल में ही होता है। राजा भोज की गौरवशाली संस्कृति और विरासत के लिए भोपालवासियों को बधाई देना चाहूंगा कि यहां भोजपुर मंदिर में दुनिया का सबसे बड़ा शिवलिंग स्थापित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोजपुर मंदिर की पृथक से योजना बनाकर यहां की संस्कृति को देश और दुनिया के सामने लाया जाएगा।

इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग, सूक्ष्म एवं लघु और मध्यम मंत्री श्री चैतन्य कुमार काश्यप, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, श्री भगवान दास सबनानी सहित जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित थे।

## संसद हमले के शहीदों को मोदी ने दी श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद भवन पर आज के ही दिन आतंकवादी हमले के समय भवन की सुरक्षा-व्यवस्था की रक्षा का कर्तव्य निभाते हुए वीरगति को प्राप्त जवानों को शहीदों को शुक्रवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री मोदी ने संविधान सदन (पुराने संसद भवन) की दीवार पर लगे इन शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्ति और अधिकारी तथा शहीदों के परिजन उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा, वर्ष 2001 के संसद हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनका बलिदान हमारे देश को सदैव प्रेरणा देगा। हम उनके साहस और समर्पण के लिए हमेशा आभारी रहेंगे। याद रहे कि 13 दिसंबर, 2001 को लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से जुड़े आतंकवादियों के हमले में संसद भवन परिसर में तैनात दिल्ली पुलिस के सहायक उपनिरीक्षक जगदीश, मतबर, कमलेश कुमारी, नानक चंद और रामपाल, दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश, बिजेंद्र सिंह और घनश्याम शहीद हो गये थे तथा सीपीडब्ल्यूडी के माली देशराज की मौत हो गयी थी।

## भारत पवित्र स्थलों और तीर्थों का देश महाकुंभ की पूरी दुनिया में होगी चर्चा

**प्रयागराज (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को 2025 के महाकुंभ के लिए शहर के बुनियादी ढांचे और सुविधाओं में सुधार के लिए 5,500 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करने से पहले संगम नोज पहुंचे और पूजा की। प्रधान मंत्री ने गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के पवित्र संगम पर औपचारिक पूजा और दर्शन के साथ यात्रा शुरू की। पूजा से पहले मोदी ने नदी की यात्रा की। पूजा में प्रधानमंत्री के साथ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। मोदी ने कहा कि प्रयागराज में संगम की इस पावन भूमि को मैं श्रद्धापूर्वक प्रणाम करता हूं। महाकुंभ में पधार रहे सभी साधु-संतों को भी नमन करता हूं। महाकुंभ को सफल बनाने के लिए दिनरात परिश्रम कर रहे कर्मचारियों का, श्रमिकों और सफाईकर्मियों का मैं विशेष रूप से अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा कि विश्व का इतना बड़ा आयोजन, हर रोज लाखों श्रद्धालुओं के स्वागत और सेवा की तैयारी, लगातार 45 दिनों तक चलने वाला महायज्ञ, एक नया नगर बसाने के महा अभियान के माध्यम से प्रयागराज की इस धरती पर एक नया इतिहास रचा जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये एकता का ऐसा महायज्ञ होगा, जिसकी चर्चा पूरी दुनिया में होगी। मैं इस आयोजन की भव्य और दिव्य सफलता की आप सभी को शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि हमारा भारत पवित्र स्थलों और तीर्थों का देश है। ये गंगा, यमुना, सरस्वती, कावेरी और नर्मदा जैसी अनगिनत पवित्र नदियों का देश है।

## 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' लोकतंत्र को नष्ट करने की भाजपा की चाल: संजय राउत



**मुंबई (एजेंसी)।** शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा कि "एक राष्ट्र, एक चुनाव" लोकतंत्र को नष्ट करने की भाजपा की चाल है और पार्टी अपने "स्वार्थी" उद्देश्य के लिए इस विधेयक पर जोर दे रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए संविधान संशोधन विधेयक को बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी थी। राउत ने यहां शुक्रवार को संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया कि भाजपा अपने स्वार्थी उद्देश्य के लिए एक राष्ट्र, एक चुनाव पर जोर दे रही है। उन्होंने कहा, एक राष्ट्र, एक चुनाव लोकतंत्र को पूरी तरह से नष्ट करने की चाल है। उन्होंने कहा कि राज्य और राष्ट्र से संबंधित मुद्दे अलग-अलग होते हैं और लोगों को उसी के अनुसार मतदान करना होता है।

## प्रधानमंत्री बताएं कि बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठा रहा है भारत: ठाकरे



**मुंबई (एजेंसी)।** शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को संसद को बताना चाहिए कि बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा के लिए भारत क्या कदम उठा रहा है। मुंबई में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ठाकरे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना करते हुए कहा कि उसका हिंदुत्व केवल वोटों के लिए है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में मंदिरों में तोड़फोड़ की जा रही है, जहां पिछले कुछ महीनों में अल्पसंख्यक हिंदुओं को हिंसक हमलों का सामना करना पड़ा है। ठाकरे ने कहा कि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत में सुरक्षित हैं, लेकिन पड़ोसी देश में हिंदुओं का क्या? ठाकरे ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी को संसद को बताना चाहिए कि भारत बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठा रहा है। संसद का शीतकालीन सत्र जारी है। उन्होंने कहा कि अगर प्रधानमंत्री ने रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवा दिया, तो उन्हें बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार भी रोकना चाहिए।

## हिन्दू आर्थिक मॉडल सर्व समावेशी और विश्व के लिए कल्याणकारी: फडणवीस



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने हिन्दू प्रगति के मॉडल को सर्व समावेशी एवं जन कल्याणकारी बताया है जो शोषण और असमानता को समाप्त करके विश्व की सांस्कृतिक आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देता है। श्री फडणवीस ने शुक्रवार को यहां जिओ अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित विश्व हिंदू आर्थिक मंच 2024 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा, हिंदू विकास मॉडल समावेशी है, शोषणकारी नहीं। उन्होंने महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था में तेजी से प्रगति का विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि उनका राज्य भारत में पहली एक ट्रिलियन (10 खरब) डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है।

## दिल्ली के छह स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के छह स्कूलों को शुक्रवार सुबह ईमेल के जरिये बम से उड़ाने की धमकी मिली। अधिकारियों को सूचित किए जाने के तुरंत बाद स्कूलों में मौजूद छात्रों को घर भेज दिया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने कहा, बम का पता लगाने वाली टीम और अग्निशमन अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंच गये। उन्होंने बताया कि पश्चिम विहार में भटनागर इंटरनेशनल स्कूल, श्रीनिवासपुरी के कैम्ब्रिज स्कूल, अमर कॉलोनी स्थित डीपीएस, डिफेंस कॉलोनी केसाउथ दिल्ली पब्लिक स्कूल, एसजे एन्क्लेव डीपीएस और रोहिणी स्थित वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल को सुबह 4:30 से 8:30 बजे के बीच धमकियां मिलीं।

गौरतलब है कि एक सप्ताह के भीतर यह स्कूलों में बम की धमकी से संबंधित दूसरी घटना है। सप्ताह की शुरुआत में भी राष्ट्रीय राजधानी के कुछ स्कूलों को भी ईमेल के जरिये बम की धमकी मिली थी।

## शहडोल में यादव करेंगे सरसी आइलैंड का उद्घाटन

**शहडोल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव यहां सरसी आईलैंड का कल 14 दिसंबर को लोकार्पण करेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार डॉ यादव शहडोल जिले के बाणसागर बांध में सरसी आईलैंड का लोकार्पण करेंगे। बाणसागर बांध के बीच टापू में विकसित सरसी आईलैंड में टूरिस्ट के ठहरने के लिए 12 आवास बनाए गए है। सरसी आईलैंड जाने के लिए वोट की बुकिंग करानी होगी। सरसी आईलैंड जल्द ही देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में अपना स्थान बना लेगा, जिससे शहडोल में रोजगार के कई अवसर बढ़ेंगे।

## संविधान नागरिकों के कल्याण के लिए है, कांग्रेस ने इसे 'हाईजैक' कर लिया: राजनाथ

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत का संविधान सभी वर्गों के कल्याण के लिए है और सबको समान अधिकार देता है, गरीब को शीर्ष पद पर बैठने की अनुमति देता है लेकिन इस संविधान को आज एक पार्टी 'हाईजैक' करना चाहती है, संविधान पर अपना एकाधिकार मानती है और मौका मिलते ही इसी संविधान का अपमान करती है।

श्री सिंह ने लोकसभा में 'भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा' पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि भारत का संविधान सब नागरिकों को एक समान अधिकार देता है और देश की संस्कृति तथा परंपरा को अक्षुण्ण रखने की अनुमति देता है।

संविधान में कमल का फूल है और भगवान राम की तस्वीर है, जो दर्शाता है कि हमारा संविधान हमारी परंपरा और विरासत का वाहक है और मोदी सरकार इन्हीं मूल्यों का अनुसरण कर देश के विकास के लिए सबको साथ लेकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि संविधान को अंगीकार करने के 75 साल पूरे होने पर आज संदन में चर्चा की जा रही है। भारत के स्वतंत्रता सेनानियों और




आम भारतीयों ने जो सपना देखा था वह आज के दिन पूरा हुआ था। इसी दिन 26 नवंबर को भारत सरकार ने अपना संविधान अंगीकार किया था और देश में राजतंत्र, ब्रिटिश तंत्र समाप्त होकर लोकतंत्र आ गया था। इस मौके पर सदन तथा देशवासियों को बधाई देते हुए उन्होंने भारत की आजादी की लड़ाई में हिस्सा लेने वाले महान देशभक्तों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि हमारा संविधान सार्वभौम है जो नागरिकों को संवैधानिक और मौलिक अधिकार प्रदान करता है।

## मुख्य सचिवों का चौथा वर्षिक सम्मेलन आज, मोदी करेंगे अध्यक्षता

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजधानी में शनिवार से मुख्य सचिवों के चौथे वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे जो दो दिन चलेगा जिसमें उद्यमिता और कौशल, कृषि एवं ग्रामीण विकास के मुद्दों, रोजगार सृजन एवं स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र के विकास जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह सम्मेलन केंद्र और राज्य सरकारों के बीच साझेदारी को और बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इसे सहकारी संघवाद को मजबूत करने और तेजी से विकास और विकास प्राप्त करने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के प्रधानमंत्री के अनुसार आयोजित किया जाता है।

## भारतीय सुरक्षा बल देप्सांग के सभी गश्ती बिंदुओं तक जा सकेंगे: जयशंकर


**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि पड़ोसी देशों के साथ संबंधों में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं लेकिन सरकार ऐसी स्थितियों में बहुत समझदारी के साथ काम करती है। श्री जयशंकर ने शून्य काल में कांग्रेस के मनीष तिवारी के प्रश्न के उत्तर में कहा कि चीन के साथ लगने वाली सीमा के देप्सांग क्षेत्र में सभी गश्ती बिन्दुओं पर भारतीय सुरक्षा बल जा सकेंगे। विदेश मंत्री ने कहा कि इस संबंध में वह लोकसभा में पहले ही विस्तार से वक्तव्य दे चुकी है। उन्होंने भाजपा के नवीन जिंदल के प्रश्न के उत्तर में कहा कि सरकार पाकिस्तान के साथ अच्छे संबंध चाहती है, सरकार का सदैव ऐसा ही नजरिया रहा है, लेकिन गेंद अब पाकिस्तान के पाले में है, पाकिस्तान को दिखाना होगा



कि उसका व्यवहार बदला है। श्री जयशंकर ने कहा कि बंगलादेश में अल्पसंख्यकों के साथ किये जा रहे व्यवहार को लेकर वहां की सरकार के समक्ष अपनी चिंता रख चुके हैं। हाल ही में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने अपने बंगलादेश दौरे के दौरान भी यह मसला वहां के अधिकारियों के समक्ष उठाया था। उन्होंने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि सरकार विदेशों में नौकरियों के लिये जाने वाले कामगारों के हितों का ध्यान रखने के पूरे प्रयास करती है और संबंधित देशों के भारतीय दूतावासों से हर जरूरतमंद को तत्काल मदद की जाती है। विदेशों में संकट में फंसे भारतीयों को वापस लाने में पूरी तत्परता से काम किया जाता है। विदेश मंत्री ने कहा कि कामगारों को सरकारी पोर्टल पर पंजीकृत एजेंटों के माध्यम से ही विदेशों में नौकरियों पर जाने का प्रयास करना चाहिये जिससे वे धोखे से बच सकेंगे। उन्होंने कंबोडिया, लाओस आदि देशों में धोखाधड़ी करके ले जाये गये भारतीय नागरिकों को बचा कर स्वदेश लाये जाने की भी जानकारी दी।

## संविधान सभी वर्गो की प्राणवायु, तानाशाही का नहीं देता अधिकार: अखिलेश

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने संविधान को समाज के गरीब, शोषित और पीड़ित जनता का सच्चा हितैषी करार देते हुये शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के लिये यह प्राणवायु है और यह किसी को भी तानाशाही की इजाजत नहीं देता है। श्री यादव ने संविधान के 75 गौरवपूर्ण वर्ष पूरे होने के मौके पर लोकसभा में हो रही चर्चा में शामिल होते हुये कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि संविधान चाहे कितना भी अच्छा हो, उसे लागू करने वाले यदि अच्छे लोग नहीं होंगे तो उसके अच्छे परिणाम नहीं होंगे।



# गाबा टेस्ट रोहित शर्मा करेंगे ओपनिंग?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शनिवार 14 दिसंबर से शुरू होने वाले गाबा टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भारत के खिलाफ अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है। वहीं टीम इंडिया अपनी प्लेइंग इलेवन का खुलासा अमूमन मैच से पहले टॉस के दौरान करेंगी। लेकिन संभावना जताई जा रही है कि रोहित शर्मा इस मैच में अपनी बल्लेबाजी क्रम में एक बार फिर बदलाव करेंगे, साथ ही टीम के स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा की वापसी हो सकती है।

पर्थ टेस्ट में रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में केएल राहुल ने यशस्वी जायसवाल के साथ पारी का आगाज किया था। जिस कारण टीम इंडिया के इसी बल्लेबाजी क्रम को एडिलेड में दोहराया गया और रोहित शर्मा नंबर 6 पर बल्लेबाजी करने आए लेकिन वह कुछ कमाल नहीं दिखा पाए। दोनों पारियों में उन्होंने कुल मिलाकर 9 रन ही जोड़े।

ऐसे में अब कयास लगाए जा रहे हैं कि हिटमैन गाबा टेस्ट में अपने नियमित ओपनिंग पोजिशन पर ही खेलते हुए नजर सकते हैं। वहीं पिछले कुछ समय से भारतीय टीम में बतौर फ्लोटर खेल रहे केएल राहुल मिडिल ऑर्डर में बैटिंग करते हुए नजर आ सकते हैं।

केएल राहुल के मिडिल ऑर्डर में बैटिंग करने से टीम को अधिक फायदा हो सकता है। राहुल ना सिर्फ विकेट पर ज्यादा से ज्यादा समय बिताकर ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को तंग कर सकते हैं, साथ ही टेल को एक्सपोज होने से बचा सकते हैं।

इसके अलावा गाबा टेस्ट में भारत अपनी बैटिंग यूनिट को मजबूत करने के लिए रविंद्र जडेजा को मौका दे सकता है। पहले टेस्ट में वॉशिंटन सुंदर और दूसरे में आर अश्विन को प्लेइंग 11 में जगह मिली थी, लेकिन दोनों ही स्पिनर कुछ कमाल नहीं दिखा पाए थे। जडेजा एक छोर से लगातार गेंदबाजी कर दूसरे छोर से कप्तान को अपने बोलर्स रोटेट करने का भी बेहतर विकल्प देते हैं। वहीं, बॉलिंग यूनिट में भी चेंजिस देखने को मिल सकते हैं। हर्षित राणा के लिए एडिलेड टेस्ट निराशाजनक रहा था। ऐसे में रोहित शर्मा आकाशदीप को मौका देकर अपनी पेस बैटरी को और मजबूत करना चाहेंगे।



## बड़ोदा को हराकर फाइनल में पहुंची मुंबई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टूर्नामेंट 2024 के पहले सेमीफाइनल में बड़ोदा और मुंबई के बीच मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में मुंबई की टीम ने अंजिक्य रहाणे की तूफानी पारी और कप्तान श्रेयस अय्यर की बेहतरीन पारी के दम पर जीत लिया और फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। मुकाबले के बाद अंजिक्य रहाणे को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

इस मैच में मुंबई की टीम ने टॉस जीता था और पिर गेंदबाजी करने का फैसला किया। इसके बाद बड़ोदा ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 158 रन बनाए। इसके जवाब में मुंबई की टीम ने 17.2 ओवर में 4 विकेट पर 164 रन बनाए और मैच को 6 विकेट से जीत लिया।

बड़ोदा के खिलाफ रहाणे ने मुंबई के लिए आकर्षक पारी खेली और उन्होंने 5 छक्के और 11 चौकों की मदद से 56 गेंदों पर 98 रन की पारी खेली। इस मैच में रहाणे अपना शतक पूरा करने से सिर्फ 2 रन दूर थे और मुंबई को जीत के लिए भी 2 रन बनाने थे, लेकिन अभिमन्यु सिंह ने एक गेंद वाइड फेंक दी। इसके बाद रहाणे ने बड़ा शॉट लगाकर अपना शतक पूरा करना चाहा, लेकिन वो कैच आउट हो गए और शतक से सिर्फ 2 रन से रह गए। साथ ही इस मैच में श्रेयस अय्यर ने मुंबई के लिए 46 रन की पारी खेली जबकि सूर्याकुमार यादव 1 रन बनाकर आउट हो गए।

## विराट कोहली गाबा में करेंगे अनोखा कारनामा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शनिवार, 14 दिसंबर से भारत और ऑस्ट्रेलिया 5 मैच की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला गाबा में खेला जाना है। इस मैच में मैदान पर उतरते ही टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली एक बड़ा और अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम कर लेंगे। किंग कोहली का ये ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिकेट में 100वां मुकाबला होगा। वह कंगारुओं के खिलाफ 100 टेस्ट मैच खेलने वाले दुनिया के मात्र दूसरे ही खिलाड़ी बनेंगे। जी हां, कोहली ने अभी तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 27 टेस्ट, 49 वनडे और 23 टी20 मुकाबले खेले हैं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे ज्यादा मैच खेलने का वर्ल्ड रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम है। क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन ने कंगारुओं के खिलाफ कुल 110 मुकाबले खेले हैं। जिसमें 49.68 की लाजवाब औसत के सात उनके बल्ले से 6707 रन निकले हैं।

बात ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विराट कोहली के रिकॉर्ड की करें तो अभी तक खेले 99 मैचों में उनके बल्ले से 50.24 की उम्दा औसत के साथ 5326 रन निकले हैं।

## गाबा पिच पर होगी बल्लेबाजों की अग्निपरीक्षा

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम फिलहाल ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है जहां दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज में अभी तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर हैं। वहीं तीसरा मुकाबला 14 दिसंबर शनिवार से ब्रिस्बेन के गाबा स्टेडियम में खेला जाएगा। जो कि भारतीय समयानुसार सुबह 5.30 बजे से खेला जाएगा।

वहीं गाबा की पिच को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। पिच तेज गेंदबाजों के अनुकूल हो सकती है, जिसकी पूरी संभावना दिख रही है। पिच से तेज गेंदबाजों को पेस और बाउंस मिलेगा, यानी बल्लेबाजों की शामत आनी तय है। शुरुआती दिन तो यहां पर गेंदबाजों का ही बोलबाला रहेगा। जो भी टीम यहां टॉस जीतेगी, शायद वो पहले गेंदबाजी करेगी। वैसे भी दोनों ही टीमों में धुरंधर तेज गेंदबाजों की कम नहीं है।

अब गाबा टेस्ट में जिस पिच पर भारत-ऑस्ट्रेलिया का मैच होना है, उसकी तस्वीरें सामने आई है।

इसे देखकर तो ऐसा लगता है कि पिच तेज गेंदबाजों के ही मुफीद होगी। विकेट काफी हरा-भरा दिख रहा है और इस पर लगातार रोलिंग की जा रही है। ऑस्ट्रेलियाई टीम मैनेजमेंट पहले ही से ग्रीन टॉप पर विकेट बनवाने के मूड में था, ताकि सीरीज में बढ़त ली जा सके।

## भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिये बोलैंड की जगह हेजलवुड आस्ट्रेलिया एकादश में



**ब्रिसबेन (एजेंसी)।** आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि बाजू के खिंचाव से उबर चुके तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिये स्कॉट बोलैंड की जगह आस्ट्रेलियाई टीम में होंगे। चोट के कारण हेजलवुड एडीलेड में पिछले सप्ताह गुलाबी गेंद का टेस्ट नहीं खेल सके थे। कमिंस ने गाबा पर होने वाले टेस्ट से पूर्व कहा ,'' हेजलवुड ने कल अच्छा अभ्यास किया। उसे और मेडिकल टीम को पूरा भरोसा है कि वह बिना किसी परेशानी के खेल सकेगा।'' उन्होंने कहा कि हेजलवुड की चोट को गंभीर होने से बचाने के लिये उन्हें पर्थ टेस्ट में उनसे गेंद छीननी पड़ी।

उन्होंने कहा ,'' हमने ऐसा इसलिये किया ताकि उसकी चोट गंभीर नहीं हो जाये। उसने चाय के ब्रेक से पहले दो ओवर अतिरिक्त डाले। उसने कहा कि उसे ठीक लग रहा है लेकिन उसके बाद मैने कहा कि अब और नहीं।' बोलैंड ने पिछले साल की एशेज श्रृंखला के बाद वापसी करते हुए एडीलेड टेस्ट में पांच विकेट लिये जिसमें दूसरी पारी में विराट कोहली का कीमती विकेट शामिल था।

कमिंस ने कहा ,'' उसने एडीलेड में शानदार प्रदर्शन किया। बदकिस्मती से पिछले 18 महीने में उसे टीम से बाहर रहना पड़ा है। इसके बावजूद जब भी मौका मिलता है , वह शानदार प्रदर्शन करता है। उसके लिये बाहर रहना दुखद है लेकिन अभी श्रृंखला में काफी क्रिकेट खेली जानी है।'' गाबा पर जमी हरी घास अब कम हो गई है। एक समय आस्ट्रेलिया के गढ रहे इस मैदान पर भारत ने 2020 . 21 श्रृंखला में टेस्ट जीतकर 1988 से चले आ रहे उसके जीत के सिलसिले को तोड़ा था। उसके बाद वेस्टइंडीज ने भी मेजबान को यहां हराया। कमिंस ने कहा ,'' मैने कल पिच को देखा। यह अच्छी विकेट लग रही है।

## शमी की एक्स वाइफ हसीन जहां ने लगाए कजरा रे गाने पर ठुमके

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की एक्स वाइफ हसीन जहां किसी ना किसी कारण चर्चाओं में रहती हैं। हसीन जहां सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और समय समय पर अपनी डांस वीडियो और फोटो शेयर करती रहती हैं।

## जेसन गिलेस्पी ने पाकिस्तान के टेस्ट कोच पद से इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीक के पूर्व खिलाड़ी जेसन गिलेस्पी ने पाकिस्तान की टेस्ट टीम के कोच के रूप में अपनी भूमिका छोड़ दी है जिसके बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने गुरुवार पूर्व तेज गेंदबाज आकिब जावेद को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी दो मैचों की सीरीज के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी है।



पाकिस्तान 26 दिसंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट खेलेगा। टीम टेस्ट से पहले सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका में ही है। आकिब वर्तमान में पाकिस्तान की सफेद गेंद टीम के भी अंतरिम कोच हैं। गिलेस्पी का अनुबंध 2026 में समाप्त होने वाला था लेकिन पीसीबी द्वारा टिम नीलसन के अनुबंध की समीक्षा नहीं करने के बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया।

गिलेस्पी की सिफारिश पर नीलसन को टीम का हाई परफोरमेन्स कोच नियुक्त किया गया था। गिलेस्पी पीसीबी के उस फैसले से भी नाराज थे जिसमें उन्हें टीम चयन और पिच की तैयारी में शामिल होने जैसी शक्तियां वापस ले ली गयी। गिलेस्पी से पहले टीम के सीमित ओवर प्रारूप के कोच गैरी कर्स्टन ने भी पाकिस्तान के ऑस्ट्रेलिया, जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका में श्रृंखला के लिए रवाना होने से पहले इस्तीफा दे दिया था।

गिलेस्पी और कर्स्टन दोनों को टी20 विश्व कप 2024 से पहले दो साल के अनुबंध पर नियुक्त किया गया था। इस नियुक्ति के साथ ही पीसीबी ने पाकिस्तान टीम के लिए एक नए युग का वादा किया था। कर्स्टन ने अधिकार के मामलों पर पीसीबी के साथ मतभेदों का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया था। आकिब के सीनियर चयनकर्ता नियुक्त होने के बाद विदेशी कोचों के साथ बोर्ड का मतभेद शुरू हो गया था। पीसीबी ने आकिब को टीम चयन में पूरी छूट प्रदान की थी।

## पैट कमिंस ने भारतीय बल्लेबाजों को गाबा पर शॉर्टपिच गेंदों से परेशान करने की चेतावनी दी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आस्ट्रेलिया ने वह टेस्ट दस विकेट से जीतकर श्रृंखला में 1 . 1 से बराबरी की। कमिंस ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,''एडीलेड टेस्ट में यह रणनीति कारगर रही। यह प्लान बी के रूप में हमेशा जेहन में रहता है।'' उन्होंने कहा ,'' अगर यह वाकई उन्हें असहज बना रहा था तो हम इसे प्लान ए भी बना सकते हैं। एडीलेड में यह असरदार रहा और मुझे यकीन है कि तीसरे टेस्ट में भी काम करेगा।''



कमिंस ने जसप्रीत बुमराह का आत्मविश्वास के साथ सामना करने वाले अपने बल्लेबाजों की भी तारीफ की जो पर्थ टेस्ट में ऐसा नहीं कर पाये थे। उन्होंने कहा ,'' हम पेशेवर क्रिकेटर हैं और इसके लिये तैयार रहते हैं। हमारे खिलाड़ी हर चुनौती का सामना करने को तत्पर रहते हैं, चाहे हालात जो हों।'' अनुभवी स्टीव स्मिथ ने अभी तक श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है लेकिन कमिंस को यकीन है कि वह जल्दी ही फॉर्म में लौटेगा।

उन्होंने कहा ,'' वह नेट्स पर अच्छा कर रहा है। मुझे यकीन है कि वह अच्छा प्रदर्शन करेगा। वह काफी अनुभवी है और अच्छी पारी ज्यादा दूर नहीं है।'' हरफनमौला मिचेल मार्श ने भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बनाने के लिये आक्रामक खेलने की रणनीति अपनाने को कहा था लेकिन कमिंस ने कहा कि बल्लेबाजी रणनीति व्यक्तिगत पसंद का मामला है।

उन्होंने कहा ,'' ट्रेविस और मिच स्वाभाविक तौर पर स्ट्रोक्स खेलने वाले बल्लेबाज हैं। गाबा पर पहले दिन से दूसरा या तीसरा दिन अलग होगा लिहाजा अपनी ताकत पर खेलना जरूरी है। ट्रेव ने पिछले सप्ताह यही किया।'' कमिंस ने स्वीकार किया कि कप्तान होने के नाते उन पर हमेशा दबाव होगा लेकिन उन्होंने कहा कि इस दबाव के साथ जीना उन्होंने सीख लिया है।

उन्होंने कहा ,'' टेस्ट क्रिकेट खेलते समय हमेशा दबाव रहता है। कप्तान होने पर काफी जिम्मेदारी आप पर होती है। इसमें कोई नयी बात नहीं है। पर्थ टेस्ट में हम अच्छा नहीं खेल सके और आलोचना लाजमी थी। कुछ सही थी तो कुछ नहीं लेकिन आपको पता है कि जो सही नहीं है, उसे खारिज किया जा सकता है।

## पाकिस्तान के इमाद वसीम ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा, टी20 वर्ल्ड कप में नहीं कर पाए थे कमाल

**कोलबो (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट आए दिन किसी ना किसी कारण से सुर्खियों में बना ही रहता है। वहीं इसी कड़ी में अब पाकिस्तान के स्टार खिलाड़ी इमाद वसीम ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। इमाद ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के दौरान बेहद खराब प्रदर्शन किया था। जिसके बाद से ही वह टीम से बाहर चल रहे हैं। बता दें कि, ये दूसरी बार है जब इमाद वसमी ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया है। वह पहले भी रिटायरमेंट ले चुके थे लेकिन उन्होंने वापसी की थी जो की कामयाब नहीं रही।



इमाद वसीम ने इसी साल टी20 वर्ल्ड कप 2024 के शुरू होने से पहले 23 मार्च को इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी की थी। उन्होंने नवंबर 2023 में पहली बार अपने संन्यास का ऐलान किया था, लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट के रिक्वेस्ट के बाद उन्होंने वापसी की और उन्हें टी20 वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान के स्क्वाड में भी शामिल किया गया।

हालांकि, वह टी0 वर्ल्ड कप के दौरान कुछ खास कमाल नहीं कर सके। उन्होंने वर्ल्ड कप के दौरान तीन मुकाबलों में सिर्फ 19 रन बनाए। भारत के खिलाफ उनकी पारी के कारण पाकिस्तान की टीम को हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद से ही वह पाकिस्तान के स्क्वाड से बाहर चल रहे हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया के जरिए अपने संन्यास का ऐलान किया।

इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेते हुए उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि काफी सोच-विचार के बाद मैंने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। विश्व मंच पर पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है और हरी जर्सी पहनने वाला हर पल अविस्मरणीय रहा है। आपका अटूट सपोर्ट, प्यार और जुनून हमेशा मेरी सबसे बड़ी ताकत रही है। ऊंचाई से लेकर निचले स्तर तक, आपके प्रोत्साहन ने मुझे अपने प्यार देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित किया है।




स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।